चैत्र शुक्ल पक्ष- 6, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 298 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 अप्रैल 2024
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
36 अधिकतम
23 न्यूनतम



Page- 7

## पहले चरण के मतदान से 4 दिन पहले सेवा, सुशासन की गारंटी

### लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी किया अपना संकल्प पत्र

# भाजपा के चुनावी अस्त्र यूसीसी, गरीबों को पांच साल मुफ्त राशन व सस्ती रसोई गैस

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सत्तारूढ भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया। पहले चरण के मतदान के पांच दिन पहले जारी इस संकल्प में यूसीसी का वादा है तो सस्ती रसोई गैस, जीरो बिजली बिल का प्लान, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन और तीन करोड गरीबों के घर का संकल्प है।

इससे पहले पीएम मोदी ने संकल्प पत्र का अनावरण किया। इस दौरान उनके साथ मंच पर गृह मंत्री अमित शाह, मेनिफेस्टो कमिटी के चेयरमैन राजनाथ सिंह, अध्यक्ष जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव सात चरण में एक जून तक चलेंगे। भाजपा अपने घोषणापत्र में देश के विभिन्न वर्गों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। मोदी ने पहले भी कहा है कि उनकी राय में देश में केवल चार 'जातियां' हैं- युवा, महिलाएं, किसान और गरीब। इसे ही ध्यान में रखते हुए, भाजपा के चुनावी वादों के मुख्य आकर्षण में समाज के इन चार वर्गों के उत्थान के लिए कई उपाय शामिल किए हैं। 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है। घोषणा पत्र में पीएम मोदी के संकल्पों को पूरा करने का रोडमैप पेश किया है।

इस मौके पर मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजे आने के तुरंत बाद बीजेपी के 'संकल्प पत्र' पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार ने 100 दिन की कार्ययोजना पर पहले ही काम शुरू कर दिया है। देश की जनता की महत्वाकांक्षा ही मोदी का मिशन है। हमने चंद्रयान की सफलता देखी अब हम गगनयान के गौरव का अनुभव करेंग और अब हम ओलंपिक की मेजबानी के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। मोदी ने कहा कि राष्ट्रहित में भाजपा 'बड़े' और 'कड़े' फैसले लेने से पीछे नहीं हटती, क्योंकि हम मानते हैं कि हमारे लिए पार्टी से बड़ा देश है। हम एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को साकार करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। बीजेपी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को भी देशहित में उतना ही जरूरी मानती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ये मेरी गारंटी है।

### उत्तर-दक्षिण व पूर्व में बुलेट ट्रेन कॉरिडोर व सूर्यघर से बिजली




पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने संकल्प लिया है कि जैसे देश के पश्चिमी हिस्से में बुलेट ट्रेन (अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर) का काम तेजी से चल रहा है और करीब-करीब संपन्नता की ओर है. उसी तरह उत्तर भारत, दक्षिण भारत, पूर्वी भारत में भी एक एक बुलेट ट्रेन कॉरिडोर बनाएंगे. इसके लिए बहुत जल्द सर्वे का काम भी शुरू हो जाएगा. घोषणापत्र में कहा गया है कि साल 2020 से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन देना जारी रखेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से हर महीने मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे इन परिवारों का बिजली बिल जीरो हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्क, खेल के मैदान जैसे अधिक हरित स्थानों का विकास करने का वादा किया गया है। वहीं झीलों और तालाबों जैसे जलाशयों को पुनर्जीवित करेंगे ताकि शहरों को पर्यावरण अनुकूल और लोगों के रहने योग्य सुविधायुक्त बनाया जा सके।

### संकल्प पत्र की खास बातें

- आने वाले पांच साल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की गारंटी
- अगले पांच साल तक मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन और पीएम सूर्यघर से जीरो बिजली बिल
- आयुष्मान भारत से पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा
- मध्यम वर्ग परिवारों के लिए पक्के घर, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार
- नेशनल एजुकेशन पॉलिसी लागू होगी, हर नागरिक को हाई क्वालिटी शिक्षा प्राप्त होगी
- 2036 में ओलंपिक की मेजबानी
- युवाओं के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार के अवसर ।
- नारी तू नारायणी के तहत आगे 3 करोड़ लखपति दीदी ।
- महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप को सर्विस सेक्टर से जोड़कर नए अवसर ।
- महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और ओस्टियोपोरोसिस पर विशेष ध्यान ।
- नारी वंदन अधिनियम लागू करेंगे।
- बीज से बाजार तक किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश ।
- श्रीअन्न को सुपर फूड की तरफ स्थापित करेंगे।
- कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास ।
- गिग वर्कर्स, माइग्रेंट वर्कर्स, टैक्सी ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर, ऑटो ड्राइवर, कुली और घर में काम करने वाले श्रमिकों ई-श्रम पर जोड़ कर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ।
- भारत योग का ऑफिशियल सर्टिफिकेशन देगा।
- भारत की क्लासिकल भाषाओं के अध्ययन की व्यवस्था उच्च शिक्षण संस्थाओं में करेंगे।
- 2025 को जनजातीय गौरव वर्ष के रूप में घोषित करेंगे।

### मजूबत सीट पर सभा के लिए पहुंचे मोदी

आज पिपरिया में आमसभा को संबोधित करने पीएम मोदी पहुंच गये हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री का दौरा होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के लिये महत्वपूर्ण है। हालांकि यह सीट भाजपा का गढ बन चुकी है और करीब तीन दशक से यहां भाजपा का कब्जा है। पहले पीएम का करीब साढ़े दस बजे पिपरिया पहुंचने का कार्यक्रम था, लेकिन दिल्ली में भाजपा के संकल्प पत्र विमोचन कार्यक्रम के चलते इसमें कुछ विलंब हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्टेट हैंगर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगवानी कर रहे हैं। पिपरिया में मुख्यमंत्री मोहन यादव, वीडी शर्मा, मंत्री उदय प्रताप सिंह, प्रहलाद पटेल आदि मौजूद हैं इस सीट पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी प्रत्याशी हैं, व पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है।

## अंबेडकर को नमन के बाद होशंगाबाद रवाना सीएम

**मुख्यमंत्री** मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज आज नर्मदापुरम में पीएम मोदी की सभा के लिये पहुंचे हैं। पिपरिया में इस सभा को लेकर भाजपा ने व्यापक तैयारी की है। नर्मदापुरम सीट से दर्शन सिंह भाजपा के उम्मीदवार हैं। इससे पहले आज भोपाल में बोर्ड आफिस चौराहा पहुंचकर यादव व चौहान ने डा भीमराव अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित थे।

**जो संकल्प लेते हैं, पूरा करते हैं- सीएमः** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के आज जारी संकल्प पत्र पर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि 'आज डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हम अपना संकल्प पत्र जारी किए हैं। जब हम कोई संकल्प लेते हैं तो उसे लागू भी करते हैं।' वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि यह जनआकांक्षाओं की पूर्ति का संकल्प पत्र है। जिसको केवल कुछ लोगों ने बैठकर नहीं बनाया, प्रधानमंत्री के आह्वान पर 15 लाख से ज्यादा सुझाव आए हैं।



## इजराइल पर ईरान के हमले से हड़कंप, कई भारतीय फंसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

इजरायल पर ईरान के हमले से दुनियाभर में हलचल मचा दी है। बीती आधीरात ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनकी संख्या 300 से अधिक बताई जा रही है। इस घटना ने मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा दिया है। ईरान ने इस हमले से एक दिन पहले ही इजरायल के एक जहाज को कब्जे में ले लिया था। इस जहाज में कुल 25 लोग सवार थे, जिनमें से 17 भारतीय हैं। इन हमलों के बीच अब इन 17 भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे इजरायल के एक जहाज कब्जे में लिया था। यह जहाज लंदन की जोडियक मैरिटाइम है, जो इजरायल के अरबपति आइल ओफेर के जोडियक ग्रुप का है। अगर इन दोनों देशों के बीच टकराव में इजाफा होता है तो भारत के लिए निश्चित रूप से चुनौती पैदा होगी. बता दें कि ईरान और इजरायल दोनों ही देशों से भारत के अच्छे संबंध हैं. लिहाजा कोई भी स्टैंड लेने से पहले भारत स्थिति पर पैनी नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय ने इस टकराव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ÷हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती शत्रुता से गंभीर रूप से चिंतित हैं जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया।

### गर्मागर्म टीवी डिबेट के साथ मारपीट हुई

**जबलपुर ।** यहां एक पार्क में निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित चुनावी बहस के दौरान कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे पर लाठियों और प्लास्टिक की कुर्सियों से हमला किया, जिससे उनमें से कुछ घायल हो गए। घटना बीती रात हुीई है। दो दलों के समर्थकों द्वारा एकदूसरे पर प्लास्टिक की कुर्सियां फेंकने और लाठियां चलाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। जबलपुर सिटी एसपी पंकज मिश्रा ने पुष्टि करते हुए कहा, इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों दलों के कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को चोटें भी आई हैं।

## बोरवेल हादसाः जिंदगी की जंग हार गया मयंक

**रीवा, एजेंसी।**

शुक्रवार की शामह जनेह क्षेत्र के मनिका में बोरवेल में गिरे बालक मयंक को सुरक्षित नहीं निकाल जा सका, वह जिंदगी की जंग हार गया है। अब उस तक रेस्क्यू टीम पहुंच गई है। उसे बाहर निकाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार 6 वर्ष के मयंक की सांसें थम चुकी हैं। त्यौंथर एसडीएम संजय कुमार जैन ने मयंक की मौत की की पुष्टि है और अब त्यौंथर में पोस्टमार्टम करने की तैयारी की जा रही है। मयंक तक एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम पहुंच गई, टीम ने उसे मृत बताया है। घटना को लेकर एक न्यूज चैनल के रिपोर्टर के साथ पीड़ित के परिजन द्वारा की झूमाझटकी और मारपीट करने की कोशिश की भी खबर है। इस स्थिति को मौके पर उपस्थित पुलिस बल ने नियंत्रित किया है।



### बाइक सवार हमलावरों ने की वारदात, सकते में पुलिस

## सलमान के घर पर तड़के 4 बजे हुई फायरिंग, गोलियां नेट चीरकर घर में गिरीं



**मुंबई, एजेंसी।**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बांद्रा निवास पर सनसनीखेज घटना हुई है। अज्ञान हमलावरों ने तड़के साढे चार बजे के आसपास उनके घर पर कई राउंड फायरिंग की। हालांकि हादसे में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। पुलिस ने सलमान और उनके घर की सुरक्षा कड़ी कर दी है। उल्लेखनीय है कि काफी समय से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई सलमान के उनके पीछे पड़े हैं। दोनों की तरफ से कई दफा सलमान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश हो चुकी है।

बताया जाता है कि आज सुबह सुबह 4.50 बजे सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हेलमेट पहने दो बाइकसवारों ने कई राउंड फायरिंग की। हादसे में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा लेकिन फायरिंग की घटना ने पुलिस व निजी सुरक्षाकर्मियों को सकते में डाल दिया है। गैलेक्सी अपार्टमेंट जाकर फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की है। घर की दीवार के अंदर गोलियों के निशान पाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, सलमान के घर की बालकनी में जो नेट लगा है उसमें भी एक गोली लगी। उस गोली का शेल सलमान के घर के अंदर से पुलिस ने बरामद किया है।

### जहां खड़े होते हैं सलमान वहीं गोलीबारी

जिस बालकनी में गोली मिली है, सलमान इसी बालकनी में अपने फैंस से रूबरू होने के लिए कई बार आते हैं। ईद हो या दीवाली, सलमान इसी बालकनी में आकर फैंस का आभार जताते हैं। हमलावरों ने कुल 5 राउंड फायरिंग की जिसमें से चार सलमान खान के घर की तरफ फायर किए गए और एक गोली बिना फायर के जमीन पर गिरी। जो चार गोलियां सलमान के घर की तरफ फायर की गई, उसमें से एक गोली सलमान खान की खिड़की में लगे नेट को चीरते हुए घर के अंदर गई। उसका शेल गैलेक्सी अपार्टमेंट के अंदर गिरा मिला। दूसरी गोली सलमान खान के विंडो के नीचे वाले हिस्से में लगी, तीसरी और चौथी गोली भी सलमान खान के घर की आस-पास की दीवार में ही लगी।



**मेट्रो एंकर** बिग बाजार व मॉल कल्चर देने वाला कारोबारी अब मॉल बेच कर चुका रहा कर्ज

## रिटेल किंग की संपत्ति बिकने लगी रिटेल में!

**मुंबई, एजेंसी।**

मॉल में खरीदारी करने का कल्चर देने वाले कारोबारी किशोर बियानी की आर्थिक हालत बेहद खराब हो चुकी है। ये कारोबारी भारी कर्ज में डूबा हुआ है और दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रहा है। हालत ये है कि अब इन्हे मुंबई के अपने सबसे पुराने मॉल को भी बेचना पड़ा है। फ्यूचर ग्रुप के मालिक बियानी के कोविड़ महामारी के वक्त से ही भारी संकट में फंस चुके हैं। खबरें है किमुंबई के अपने सबसे पुराने मॉल को बेचकर बड़े बकाये का भुगतान किया गया है। ग्रुप ने 476 करोड़ रुपये का वन टाइम सेटलमेंट किया है। कंपनी ने बंसी मॉल मैनेजमेंट कंपनी के लेंडर्स को 571 करोड़ रुपये का बकाया दिया है। रहेजा कॉर्प ने मॉल को खरीदने की डील पूरी की। यह मॉल मुबंई का सबसे पुराना मॉल है, यहीं से बिग बाजार की शुरुआत हुई थी, जिसके बाद देश भर में स्टोर्स खोले गए थे. बिग बाजार कम दाम में प्रोडक्ट बेचती थी।



### अर्श से फर्श पर कैसे पहुंचे बियानी

कपड़ा कारोबारी के घर में जन्में बियानी ने 1980 के दशक में स्टोन वॉश डेनिम फैब्रिक को बेचने से अपना कारोबारी सफर शुरू किया था. हालांकि इसके बाद ये रिटेल बिजनेस में उतर गए और 1987 में मैन्स वियर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी की शुरुआत की, जिसका नाम 1991 में बदलकर पैंटालून फैंशन इंडिया लिमिटेड रख दिया गया। 1992 में इस कंपनी का आईपीओ आया था, जबकि 1994 में देशभर में स्टोर्स खुलने शुरू हो गए। आलम ये रहा कि। बियानी भारत के टॉप 100 अमीरों की लिस्ट में शामिल हो गए। इन्हें रिटेल किंग कहा जाने लगा। इनका नेटवर्थ 2017 में 2.8 अरब डॉलर था।



### बागेश्वर में खाई में गिरी कार, हादसे में चार लोगों की मौत, दमकल की टीम मौके पर

**नैनीताल ।** उत्तराखंड के बागेश्वर में दर्दनाक हादसा हुआ। चिडंग के पास सुबह करीब पांच बजे एक कार खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कार वड्यूड़ा सनेती (रीमा) से बागेश्वर आ रही थी। चिडंग के पास सुबह पांच बजे कार खाई में जा गिरी। हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मृतकों में तीन युवक एक ही गांव के थे। पुलिस, फायर और राजस्व विभाग की टीम मौके पर है।



भोपाल के कमला पार्क से अग्रवाल समाज ने धूमधाम से चुनरी यात्रा निकाली जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवा उपस्थित रहे।



आज राजधानी में धूमधाम से बैसाखी का पर्व मनाया जा रहा है। बैसाखी पंजाबी समाज का एक प्रमुख त्योहार है।

### टीम के साथ पहुंचे एसडीएम ने कार्यवाही करते हुए दुकान को किया सील

# कॉस्मेटिक दुकान पर मिली किताबें विभाग रहा खामोश, उठे सवाल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निजी स्कूलों की मनमानी और बुक सेंटरों पर कार्यवाही को लेकर मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश हैं, वहीं शासन-प्रशासन भी लगातार कार्यवाही कर रहा है। इसके बाद भी निजी स्कूल व बुक सेंटर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को शिकायत मिलने के बाद एसडीएम कोलार रविशंकर राय ने दस नंबर स्थित महानेचर दुकान पर कार्यवाही की है। इस दुकान पर आयुर्वेदिक औषधियां, वस्तु, घरेलू उपयोग की सामग्री और प्राकृतिक कॉस्मेटिक उपलब्ध होने का बोर्ड लगा हुआ था और अंदर महर्षि विद्या मंदिर स्कूल सहित अन्य किताबें बेची जा रही थी। जिस पर कार्यवाही करते हुए दुकान को सील किया गया है। एसडीएम राय का कहना है कि मामले में एफआईआर भी करवाई जा रही है।

**एक दिन पहले डीईओ टीम पहुंची थी, लेकिन कार्यवाही नहीं की:** विभागीय सूत्रों की माने तो एसडीएम कोलार को इस दुकान में की शिकायत मिली थी। शिकायत पर एसडीएम ने डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी को जांच के लिए कहा। गत दिवस 12 अप्रैल को जांच समिति के सदस्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी फंदा ब्लाक आरएन श्रीवास्ती, प्राचार्य शासकीय उमावि बगरौदा विनोद कुमार राजौरिया पहुंचे। यहां जांच टीम को महर्षि विद्या मंदिर की पुस्तकें बेचते हुई मिली। इस पर डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी को तत्काल कार्यवाही करना थी। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।



### एसडीएम को लगी जानकारी, तो डीईओ लगाई फटकार

मामले में एसडीएम कोलार को डीईओ की टीम द्वारा कार्यवाही नहीं करने की जानकारी मिली। उन्होंने मामले को लेकर डीईओ त्रिपाठी से कहाकि जब दुकान पर ग?ब?ी मिली है, तो तत्काल कार्यवाही करना चाहिए था। इस पर डीईओ कोई जवाब नहीं दे पाए। जिस पर एसडीएम ने डीईओ को जमकर फटकार लगाई। जिसके बाद एसडीएम खुद टीम के साथ दुकान पर पहुंचे और कार्यवाही की।

### कलेक्टर की फटकार के बाद भी नहीं माने डीईओ

राजधानी भोपाल में जिला शिक्षा अधिकारी निजी स्कूलों और बुक सेंटरों पर मेहरबान नजर आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही कार्यवाही में लेटलतीफी को लेकर कलेक्टर ने डीईओ त्रिपाठी को जमकर फटकार लगाई थी। शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में डीईओ त्रिपाठी मनमानी करने वाले निजी स्कूलों और बुक सेंटरों पर कार्यवाही की रिपोर्ट लेकर कलेक्टर कार्यालय में पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, 12 स्कूलों और दो बुक सेंटरों को नोटिस जारी करते हुए जांच व कार्यवाही की जानी थी, लेकिन डीईओ त्रिपाठी 12 स्कूलों में से मात्र तीन की जांच रिपोर्ट लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान स्कूलों की जांच और किताबों के संबंध में कलेक्टर के सवाल पूछने पर भी वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे। जिस पर कलेक्टर ने डीईओ त्रिपाठी को जमकर फटकार लगाई थी और कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

# जिन स्टेशनों पर पानी का संभावित संकट, वहां टैंकर से होगी पानी की आपूर्ति



### रेल मंत्रालय ने सभी रेलवे जीएम व डीआरएम को दिए निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेलवे स्टेशनों व ट्रेनों के अंदर यात्रियों को पानी की कमी से न जूझना पड़े, इसके लिए रेल मंत्रालय ने गाइडलाइन जारी कर दी है। जिसमें कहा है कि जिन स्टेशनों पर ऐसा लगता है कि गर्मी में पानी की किल्लत आ सकती है, वहां निगम व खुद के बोरवेल के भरोसे न रहे, बल्कि टैंकरों की व्यवस्था कर लें। किसी भी हालत में यात्रियों को पानी की कमी नहीं होनी चाहिए। रेलवे ने गाइडलाइन में कई बिंदू तय किए हैं, जिसके तहत पूरी गर्मी रेलवे को काम करना होगा। यदि कमी मिलती है तो रेल अधिकारी व कर्मचारियों की खिंचाई तय है।

### रेल मंत्रालय ने दिए ये निर्देश

- सुनिश्चित करें कि सभी मौजूदा वॉटर कूलर क्रियाशील हैं और यात्रियों की मांग को पूरा करते हैं।
- मौजूदा आपूर्ति की पूर्ति के लिए ज़रूरत के अनुसार महत्वपूर्ण स्टेशनों पर पानी के टैंकर तैनात करें।
- सभी प्लेटफार्मों पर पानी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए स्टेशनों पर नियमित निरीक्षण करें।
- विशेष रूप से सामान्य श्रेणी के कोचों के पास ठंडे पेयजल के वितरण के लिए महिला समितियों ( महिला स्वयं सहायता समूहों ), गैर सरकारी संगठनों, स्काउट्स और गाइड और अन्य स्वयं सहायता समूहों से सक्रिय रूप से समर्थन लें।
- पानी की कमी का सामना करने वाले क्षेत्रों में, रेलवे अधिकारी नगर निगमों/राज्य सरकारों के साथ सहयोग करेंगे और वैकल्पिक जल आपूर्ति समाधान तलाशेंगे।
- पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और किसी भी उभरती समस्या का तुरंत समाधान करने के लिए रेलवे कर्मचारियों द्वारा चौबीसों घंटे निगरानी के लिए एक प्रणाली लागू करें।

# नए कानूनों पर संगोष्ठी आयोजित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल जिला बार एसोसिएशन और अधिवक्ता परिषद जिला इकाई भोपाल द्वारा शनिवार को नए कानूनों पर एक संगोष्ठी ( स्टडी सर्कल ) का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र, अधिवक्ता डॉ. विजय चैधरी, राजेश व्यास द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। मंच पर अधिवक्ता परिषद महाकौशल प्रांत के महामंत्री प्रशांत हरणे उपस्थित रहे एवं जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक खरे उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव मनोज श्रीवास्तव, सह सचिव सोनल नायक, कोषाध्यक्ष बृज बिहारी रघुवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 के संबंध में नीतीराज सिंह सिसोदिया, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सीनियर अधिवक्ता हरीश मेहता का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। द्वितीय सत्र में अरविंद शर्मा, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं



अधिवक्ता अजय गुप्ता का मार्गदर्शन भारतीय न्याय संहिता-2023 पर प्राप्त हुआ। तृतीय सत्र में हमें भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर स्वयं प्रकाश दुबे, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अधिवक्ता शिरीष श्रीवास्तव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# 11 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत, हुई बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल जिला न्यायालय और तहसील न्यायालय बैरसिया में 11 मई वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत को लेकर शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में समस्त नोडल अधिकारी न्यायाधीशों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आरती शर्मा, जिला न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह, अरविन्द शर्मा सहित अन्य समस्त नोडल अधिकारी न्यायाधीश एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए सभी न्यायाधीश, नोडल न्यायिक अधिकारीगण, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बैंक, पुलिस, यातायात पुलिस, दूरसंचार विभाग एवं प्रशासन के अधिकारियों तथा बीमा कंपनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं सहित पक्षकारों के साथ प्री-सिटिंग बैठक की जाएगी।

# सिंधी गीतों पर थिरके लोग



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बारिश के कारण शुक्रवार को टला सिंधु नव जागरण समिति का कार्यक्रम शनिवार को नंदवानी भवन में हुआ। कार्यक्रम में सिंधी गीत संगीत पर समाज के लोगों ने थिरकते हुए भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस की खुशी मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों ने की। कार्यक्रम में विशिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम वेदांत संत लालसाई भी अतिथि के रूप में शामिल हुए। कलाकार विकास उदासी, दिव्या ज्योति, प्रिया ज्ञानचंदानी ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# भगत कंवरराम परोपकारी संत थे



### अवतरण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने भगत कंवरराम के अवतरण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य मार्ग पर कंवररामजी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पंचायत महासचिव माधु चांदवानी ने भगत कंवरराम के व्यक्तित्व को रेखांकित किया। अध्यक्ष साबू रिझवानी ने कहा कि अमर भगत कंवरराम साहिब ईश्वर के रूप थे मानवता निर्धनों के मसीहा थे। उनके भजन प्रेरणादायक है जो आज भी लोकप्रिय हैं।

रीझवानी ने कहा मरे बालक को जिंदा करने का करिश्मा कर श्रद्धालुओं में आस्था जगाई थी।

कार्यक्रम में पंचायत नंद ददलानी, कौशल्याश गुलाब जेठानी जेठानंद मंगतानी ईश्वरलाल मनवानी, वासदेव रामचंदानी, ठाकुरदास मनवानी, ओम असनानी, प्रेम पथानी, मोहन मनवानी, दयाल दौलतानी, सीतल चेलानी, बिरजू सतानी, रतन मंगतानी खुशाल चेलानी व अन्य लोग शामिल हुए।

**मेट्रो एंकर**

### देवानंद के अंदाज में दी सिंधी समाज को चैतीचांद की बधाई

# सिंधी पारवारिक मेले का आगाज, कलाकारों ने बांधा समां, लोग झूमे

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी मेला समिति द्वारा पारिवारिक सिंधी मेले की शुरुआत किशोर भानुशाली जूनियर देव आनंद की परफ़मेंस से हुई। देव साहब के अंदाज़ में, देव आनंद हूँ में कहकर सिंधी समाज को चेतीचंड की बधाई दी गई। भाभीजी घर पर है व हप्पू सिंह की उलटन-पलटन सीरियल में अभिनय करने वाले किशोर शनिवार की सिंधी मेला समिति के सिंधी मेले का आकर्षण रहे। मशहूर सिंगर शिल्पा वासवानी द्वारा एक से एक सिंधी सूफ़ी गानों के प्रस्तुति देकर पूरे इस मेले के वातावरण की सिन्धियत के माहौल में तब्दील कर दिया। इसके अलावा हिंदुस्तान के अलग अलग शहरो से आये सिंधी इंफ़ुलसर्ज़ से में एक से एक रील बना कर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस मेले में देर रात तक यहाँ के पारिवारिक वातावरण को भरपूर इंजॉय किया साथ ही अलग अलग सिंधी व्यंजनों का लुफ़्त भी उठाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक भगवानदास सबधानी, मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा सहित सिन्धी मेला समिति के सदस्य एवं हज़ारो की संख्या में सिंधी समाज उपस्थित हुआ।



# कांग्रेस से निराश निशा की नौकरी में वापसी अब 'सरकार' पर निर्भर

## पहले इस्तीफा मंजूर कराने की जंग अब नौकरी वापस पाने की जंग में जुटीं राप्रसे अफसर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव लड़ने की ख्वाहिश में अपना इस्तीफा स्वीकार कराने वाली मप्र की पूर्व राप्रसे अफसर निशा बांगरे अब अपनी सरकारी नौकरी वापस पाने की जद्दोजहद में हैं। उन्होंने करीब पांच महीने पहले कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए अपना इस्तीफा दे दिया था। इस इस्तीफे को स्वीकार करने के लिए उन्होंने राज्य सरकार तक से लड़ाई लड़ी थी। अब वे कह रही हैं कि 'कांग्रेस ने मुझे लोकसभा टिकट देने का वादा किया था, लेकिन पार्टी अपने वादे से मुकर गई।' यह पूछे जाने पर कि क्या ऑफर मिलने पर वह भाजपा में शामिल होंगी, उन्होंने कहा, 'मुझे भाजपा से कोई ऑफर नहीं मिला है। मैंने जनवरी में ही सामान्य प्रशासन विभाग को मुझे सेवा में वापस लाने के लिए लिखा था। मुझे वापस लेने का मेरा आवेदन सरकार के पास पेंडिंग है।'

उल्लेखनीय है कि पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव के दौरान निशा बांगरे कांग्रेस के टिकट पर आमला सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। हालांकि, जब तक सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया, कांग्रेस ने इस सीट से एक और उम्मीदवार की घोषणा कर दी थी। उन्होंने कहा, 'मेरा परिवार चाहता है कि मैं सेवा में वापस आ जाऊं। मप्र सेवा नियम में इसका प्रावधान है। ऐसे भी उदाहरण हैं जहां सरकारी कर्मचारियों ने इस्तीफा दे दिया, चुनाव लड़ा और चुनाव हारने के बाद सेवा में वापस आ गए।' छतरपुर जिले के लवकुश नगर की एसडीएम रही बांगरे ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए 23 जून, 2023 को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन जीएडी ने उनका इस्तीफा स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। जानकार सूत्रों का कहना है कि निशा बांगरे की नौकरी में वापसी आसान नहीं हैं। मगर नियमों के झमेले के अलावा यह राज्य सरकार के निर्णय पर अब ज्यादा निर्भर करता है।



### अभा सेवा के अलग नियम!

हालांकि अभा सेवा के अफसरों के नियम में कुछ फर्क भी है। बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के अधिकारी शाह फैसल राजनीति ज्वाइन करने के बाद दोबारा वापस सर्विस में आ गए थे। क्योंकि उनका इस्तीफा तब तक न तो प्रॉसेस ही किया गया था और न ही उस पर कोई फैसला हुआ था। बिहार के पूर्व डीजीपी गुप्तेश्वर पांडे भी चुनाव लड़े थे और हारने के बाद फिर वापस सेवा में आ गए। उनका भी इस्तीफा प्रॉसेस नहीं हुआ था।

# निजी गोदाम संचालकों की मनमानी से कर्मचारी नाराज, खोला मोर्चा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



हाल ही में घुने हुए गेहूं के परिवहन का मामला सामने आने के बाद कर्मचारियों ने कुछ निजी गोदाम संचालकों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन कर्मचारियों का कहना है कि गोदाम संचालक अधिक किराया पाने के लिए गोदामों में गेहूं या दूसरा अनाज रखने के बाद नागरिक आपूर्ति निगम और वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के अधिकारी, कर्मचारियों को आसानी से घुसने नहीं देते। गेहूं को कीड़े और घुन से बचाने की जवाबदारी गोदाम संचालकों की ही होती है लेकिन ये समय पर दवाईयों का छिड़काव नहीं करते, जिसके कारण माल खराब हो जाता है।

ऑल इंडिया वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन एम्प्लाईज फेडरेशन के कर्मचारी नेता अनिल बाजपेयी, अरुण वर्मा और श्याम सुंदर शर्मा ने आरोप लगाए कि नागरिक आपूर्ति निगम व वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के अधिकारी निजी गोदाम संचालकों की कमियों को छुपाने के लिए अधिकारी, कर्मचारियों को निलंबित कर रहे हैं। हाल ही में नागरिक आपूर्ति निगम के रायसेन जिला प्रबंधन और वेयर हाउसिंग के बाड़ी शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया था। मामला खराब गेहूं का खंडवा के लिए परिवहन कराने से जुड़ा था। इस मामले में कर्मचारी नेताओं का कहना है कि गेहूं निजी गोदामों के संचालकों की लापरवाही से खराब हुआ था इसके लिए विभाग के अधिकारियों को दोषी ठहराना गलत है। निलंब वापस लेने की मांग की है।

# आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय में घोटाला जांच हो तो आएगा सामने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के जो आउटसोर्स कर्मचारी जनता को सेवाएं देने में बड़ा रोल अदा कर रहे हैं, उनके मानदेय में गड़बड़ी करने का मामला सामने आया है। मप्र संविदा आउटसोर्स अधिकारी, कर्मचारी संघ के कोमल सिंह ने आरोप लगाए हैं कि स्वास्थ्य विभाग, बिजली कंपनी समेत कई विभागों में आउटसोर्स कर्मचारियों की संख्या हजारों में पहुंच गई है। प्रदेश में 2 लाख से अधिक कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें नाममात्र का मानदेय दिया जा रहा है। उसमें भी कुछ अधिकारी संबंधित कंपनियों के साथ मिलकर घोटाला कर रहे हैं। ये कर्मचारियों को उनके हिस्से का पूरा मानदेय न देकर आधा-अधूरा मानदेय दे रहे हैं। जिसके कारण संबंधित आउटसोर्स कर्मचारी पूरे मनोबल से काम नहीं कर रहे हैं और इसका नुकसान इनके द्वारा नागरिकों को दी जाने वाली सेवाओं पर पड़ रहा है। संघ के अध्यक्ष कोमल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग से पूरे मामले की जांच करने की मांग की है। विभाग को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों के खाते की जांच की जाए तो सबकुछ सामने आ जाएगा। उन्होंने आरोप लगाए कि प्रदेश में आउटसोर्स के नाम पर बड़ा घपला चल रहा है। कुछ स्थानों पर आउटसोर्स कर्मचारियों को पूरा मानदेय देकर बाकी उनसे वापस ले लिया जा रहा, जो इसमें सहयोग नहीं करते उन पर आरोप लगाकर बाहर किया जा रहा है। मानदेय देने में आना-कानी होती है। ज्यादातर कर्मचारी हर महीने 5000 से लेकर 6000 रुपये मानदेय पा रहे हैं। इतने कम वेतन में परिवार चलाना संभव ही नहीं है। इसका असर संबंधित कर्मचारियों के परिवार पर पड़ रहा है।

# मतदान बढ़ाने अफसरों को निर्देश सीमाओं पर कड़ी चौकसी के इंतजाम




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव के लिये तैयारियों के दौरे में अब निर्वाचन आयोग ने अधिकतम मतदान और सीमावर्ती सुरक्षा पर फोकस किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कमिश्नर कार्यालय भोपाल में सागर संभाग के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में कहा कि हर संभव प्रयास कर मतदाताओं तक अपनी पहुंच बढ़ायें। इसके लिये मतदाता जागरुकता (स्वीप) गतिविधियों को रोचक व उद्देश्यपूर्ण बनाकर मतदान प्रतिशत बढ़ायें। सभी अधिकारी पूरी क्षमता और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखें। अधिकारी पूरी तरह सजग और सतर्क रहकर निर्वाचन कार्य संपादित करें।

इस मौके पर राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अंशुमान सिंह ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि सागर संभाग के अधिकांश जिले उत्तरप्रदेश की सीमा से जुड़े हैं, इसलिये संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखें और उ.प्र. के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ संवाद कर अपने निगरानी और सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत करें तथा जिले की सीमा सील करने के समय भी इनकी भरपूर मदद लें।

### पटवारी, यादव की चार सभाएं

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा आज नरसिंहपुर, शहडोल और सिवनी जिले के प्रवास पर हैं। नरसिंहपुर के गडरिया मुगवानी में सभा के बाद यह नेता दोपहर 2 बजे शहडोल जिले के केसवाही और अपरान्ह 4 बजे सिवनी जिले के छपारा ब्लाक के ग्राम दिघोरी में आयोजित कांग्रेस पार्टी के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम भोपाल पहुंचेंगे और यहां से इंदौर रवाना होंगे।




## बारिश में सीएम-वीडी का रोड शो

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के नौगांव में रोड शो कर जनता से आशीर्वाद लिया। बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में जनता ने रोड शो में सहभागिता कर मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री भी नौगांव की जनता से इतना अपार आशीर्वाद पाकर अभिभूत हुए और बरसते पानी में उन्होंने रोड शो जारी रखा। इस दौरान उन्होंने रथ सभा से उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश करवट ले रहा है। पूरी दुनिया की निगाहें प्रधानमंत्री व भारत पर है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड ने वर्षों तक कई कष्ट सहें हैं, लेकिन अब पूरा बुंदेलखंड बदलने वाला है। यहां पर मेडिकल कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज भी खोले जाएंगे। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो भी संकल्प लिए हैं हर एक संकल्प को पूरा किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता मतदाताओं को बांट रहे नोट- भाजपा

कांग्रेस के छिंदवाडा प्रत्याशी नकुलनाथ ने नाबालिग बच्चों से घरों में कांग्रेस के झंडे लगवाने एवं प्रचार सामग्री वितरित करने के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने छिंदवाडा सांसद नकुलनाथ के खिलाफ निर्वाचन आयोग पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी। शिकायत में कहा है कि छिंदवाडा सांसद नकुलनाथ द्वारा जुन्नारदेव विधानसभा के अंतर्गत जुन्नारदेव नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 6 में प्रचार प्रसार हेतु नाबालिग बच्चों से घरों में झंडे लगवाए जा रहे है और प्रचार साम्रगी वितरित करायी जा रही है। जो कि चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव प्रचार में बच्चों या नाबालिगों को शामिल करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है।

# 2 माह में तैयार करना होगा यूजी फोर्थ ईयर और पीजी का कोर्स



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा यूजी फोर्स ईयर और पीजी का सिलेबस तैयार किया जा रहा है। इसको लेकर पिछले दिनों बीयू ने केमिस्ट्री, संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी विषय की बोर्ड ऑफ स्टडीज (बीओएस) की बैठक बुलाई थी। सदस्यों का कहना है कि यूजी चौथे वर्ष का सिलेबस तैयार किया जा रहा है। इसके बाद पीजी का सिलेबस तैयार किया जाना है। नए सत्र तक इन कक्षाओं का सिलेबस तैयार होना थोड़ा मुश्किल है। फिलहाल यूजी फोर्थ ईयर का 40 फीसदी सिलेबस तैयार हो सका है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग की ओर से विश्वविद्यालयों को एनईपी-2020 के तहत बार काउंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार यूजी और पीजी लॉ प्रोग्राम के सिलेबस बनाने के निर्देश भी दिए हैं। सिलेबस तैयार कर विवि के पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। ऐसे में अगले सत्र में लॉ के सिलेबस में भी बदलाव किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर** पांचवीं और आठवीं की कापियों का मूल्यांकन कार्य पूरा

# दो लाख कॉपियों की हो रही रेंडम जांच, इसलिए रिजल्ट में हो रही देरी, जल्द घोषित हो सकता है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** इस साल बोर्ड पैटर्न पर पांचवी और आठवीं कक्षा की परीक्षाएं हुई हैं। इन परीक्षाओं की कॉपियों के जांचने का काम पूरा हो चुका है, लेकिन रिजल्ट में कोई गलती न रह जाए इसलिए कम से कम दो लाख कापियों की रेंडम चेकिंग होगी। इस वजह से रिजल्ट घोषित करने में देरी हो रही है।


फाइल फोटो

राज्य शिक्षा केंद्र, मूल्यांकन और टेबुलेशन कम से कम दो लाख कॉपियों का सैंपल वेरिफिकेशन करवा रहा है। इसके तहत अब तक के रिजल्ट के डाटा का एनालिसिस भी किया गया, जिसमें कई खामियां सामने आई हैं। इसे दूर करने के लिए ही कॉपियों को रैंडम चेक कराया जाएगा। पिछले साल 8वीं क्लास के स्टूडेंट्स बड़ी संख्या में फेल हो गए थे। इसकी वजह थी कि सेकंड टर्म में हुए एग्जाम के मार्क्स फाइनल एग्जाम के रिजल्ट में नहीं जोड़े गए थे। इस बार 25 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स ने 5वीं-8वीं की परीक्षा दी है। पिछले साल की गफलत से बचने के लिए केंद्र इस बार कॉपियों की रैंडम चेकिंग करेगा। इसके बाद रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। पहले रिजल्ट अप्रेल के पहले हफ्ते में आना था। रिजल्ट को लेकर आर महेश्वरी ( अपर मिशन संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र ) ने कहा कि परिणाम जारी करने से पहले चेक किया जा रहा है कि कहीं कोई गलती तो नहीं रह गई है। कॉपियों की चेकिंग सही ढंग से हुई है या नहीं, इसलिए रैंडम कॉपी चेक की जा रही है। दो लाख से ज्यादा कॉपियों की रैंडम चेकिंग की जाएगी। रिजल्ट अभी तक जारी नहीं किया गया है रिजल्टइसी महीने के तीसरे सप्ताह तक जारी किया जाएगा।




# सियासत के अवसरवादी हार्दिक और विचारधारा के अडिग भीष्म

## भारतीय राजनीति में पाला बदल की नई पौध के बीच विचारों पर टिके नेताओं से ही लोकतंत्र की खूबसूरती कायम रहेगी



■ आशीष दुबे

इन दिनों अलग-अलग मैदानों पर दो-दो आईपीएल खेले जा रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में क्रिकेट की दावत है तो इंडियन पॉलिटिकल लीग में रोमांचक आम चुनाव का जायका है। संयोग से दोनों जगहों पर एक जैसे घटनाक्रम सामने आए हैं। क्रिकेट के मैदान पर जब मुंबई की टीम ने हार्दिक पांड्या को कप्तान बतौर चुना व खेल में उतारा तो दर्शकों ने जमकर उनकी हूटिंग की, लोग नाराज थे कि उन्होंने गुजरात टीम छोड़ी और मुबंई में रोहित शर्मा की जगह पर आ जमे। हार्दिक गुजरात और मुंबई दोनों जगहों के क्रिकेट प्रेमियों द्वारा 'हूट' हो रहे हैं। उधर 'दूसरे आईपीएल' में भी यही स्थिति है, कांग्रेस या अन्य दल छोड़कर भाजपा में आने वाले नेता-कार्यकर्ता भी 'बू' हो रहे हैं, वह भी दोनों तरफ ! कांग्रेस के लोग तो इन्हें खुलेआम कोस ही रहे हैं, भाजपा में ही आवाज उठी है और चैनलों पर गूंजी कि कांग्रेस के कचरे को डंपिंग यार्ड में फेंका जाना चाहिए, न कि पार्टी के भीतर लाया जाना चाहिये। इसे ताकतवर पार्टी के भीतर का साहसिक बयान माना जा सकता है। मगर उप्र से लेकर मप्र में भी वरिष्ठ भाजपा नेताओं को अपने मूल कार्यकर्ताओं को समझाना पड़ रहा है कि 'आप ही कलदार सिक्के हो..।' यानि जो दूसरे दल से आ रहे हैं वे क्या खोटे सिक्के हुए ?

बहरहाल, जिन दमदार शब्दों व तर्कों के साथ भारी-भरकम गौरव वल्लभ ने कांग्रेस छोड़ी या बॉक्सर विजेंदर,रोहन गुप्ता या संजय निरुपम की अंतरआत्मा रातों रात जाग गई, वह औचक अवस्था तो है लेकिन अ-रहस्यमयी कतई नहीं। यह उनकी कोई भीतरी शक्ति ही है कि वे अब तक जिन्हें कोसते रहे, अब उनके ही स्तुतिगान गाएंगे। ऐसे पलायनवादी दस्ते के बीच एके अंटोनी सियासत के भीष्म दिखाई पड़ते हैं, जो वयोवृध्द हैं,बिस्तर पर हैं लेकिन भाजपा में शामिल होकर केरल की एक सीट से चुनाव लड़ रहे अपने बागी बेटे अनिल अंटोनी की हार की अपील कर रहे हैं। अंटोनी का कांग्रेस में चमकदार करियर रहा है। उनकी अपील और बेटे के हार जाने का विश्वास भगदड़ ब्रिगेड के लिए राजनीतिक जीवन के सबक की तरह है। इसी तरह भाजपा के बेबाक नेता नितिन गडकरी की हालिया बात गौरतलब है - 'अवसरवादी राजनेता खुद को सत्तारूढ़ दल के साथ जोड़ना चाहते हैं। राजनीति में विचार खत्म हो रहा है,विचारधारा में यह गिरावट लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं है।' गडकरी कहते हैं - ऐसे लोग हैं जो अपनी विचारधारा के आधार पर दृढ़ विश्वास के साथ खड़े हैं लेकिन ऐसे लोगों की संख्या घट रही है। तो, विचारों की जमीन पर यहीं आकर गडकरी व अंटोनी एकाकार हो जाते हैं तथा गौरव, निरुपम से लेकर चव्हाण,राणे,सिंधिया और हिमेन बौने नजर आते हैं। भारतीय राजनीति में तकलीफ झेलकर भी भीष्म की तरह सिद्धांतों पर अडिग कई नेता अभी हैं और पहले भी रहे हैं। चाहे अटल बिहारी, हरिकिशन सुरजीत, जॉर्ज फर्नांडिस, सोमनाथ चटर्जी, कर्पूरी ठाकुर आदि से लेकर आज लालकृष्ण आडवाणी तक का नाम लिया जा सकता है।

दिलचस्प यह कि, दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा को 'बाहरी' नेताओं की इतनी तलब है कि मप्र में तो बकायदा न्यू ज्वाइनिंग टोली के नाम से विंग बना दिया है, जहां उसकी गर्वोक्ति है कि अब तक करीब दो लाख कांग्रेसियों को खुद में समा लिया है। वह कौन-सा सिध्द मंत्र है,जिसे पढते ही दूसरे दल के नेताओं के दिलो दिमाग में अपने दल से वैराग्य फूट पड़ता है? सवाल यह भी है कि इतने बडे दल को 'बैगेज' इकट्ठा करने की हड़बड़ी क्यों है। क्योंकि यह भाजपा के भीतर भावी यादवी संघर्ष के खतरे जैसा है। इसीलिये नीरज की यह पंक्तियां मुफीद हैं- 'जितनी भारी गठरी होगी, उतना तू हैरान रहेगा।' एक वक्त कांग्रेस भी भाजपा या अन्य दलों के लोगों को शामिल करके या जरूरत से ज्यादा 'अपनापा' दिखाकर इस हश्र तक आ गई है।





कुल जमा देखें तो कांग्रेस की इस बेचारगी, बीते पांच साल में हुई संगठनात्मक लापरवाही व भाजपा की सियासी दबंगई के बीच कहीं एक गलियारा है, जहां अपने-अपने दल के भीतर परेशान मगर अति-महत्वाकांक्षी, अवसरवादी नेता चहलकदमी कर रहे हैं। दलों को भी जरूरत है अपने आंतरिक सुधार की। मगर,फिलहाल तो भाजपा का मंत्र काम कर रहा है तथा दस साल पहले किया गया कांग्रेस मुक्त नारा बिना आवाज जोर पकड़ रहा है। वैसे, कांग्रेस हो या पुराने दौर की भाजपा, दोनों ही बड़ी पार्टियों ने ठहराव,भटकाव और घुमाव का दौर देखा है। कबीलों में बंटी कांग्रेस कई बार डूबकर उतराई है और भाजपा तो डूब-डूबकर इस पार आई है। विचारों में विविधता ही राजनीति को जीवंत व शुद्ध रख सकती है, यही बात लोकतंत्र की ताकत व जनता की हिम्मत बनती है। ताजा घटनाक्रम भविष्य की राजनीतिक शुचिता के लिए खतरनाक रसायन लगते हैं और अपने दल से बेजार बताकर दलबदलू इस वक्त विष्णु सक्सेना की इस कविता का भावार्थ हैं- तू हवा है तो कर ले अपने हवाले मुझको, इससे पहले कि कोई और बहा ले मुझको। इस दौर में जो राह बदल रहे हैं, वे फिर कहां किस मोड़ पर नजर आएंगे कोई नहीं जानता, ठीक राजनीति की तरह, मतदाता के मन की तरह... !

# डीप फेक की चुनौतियां और संवैधानिक संस्कारों के बीच गरिमा व निजता के सवाल

■ सारंग उपाध्याय

डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया के दौर में साइबर क्राइम तेजी से बढ़ा है। बीते एक दशक में फेक वीडियो, ऑडियो और इमेज के जरिए व्यक्ति की स्वतंत्रता, निजता, गरिमा संकट में आई है। इधर एक साल के अंदर ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने डीफ फेक तकनीक के माध्यम से इस पर और भी बड़ा खतरा पैदा किया है।डीपफेक जनरेटिव एआई से जुड़ी तकनीक है जिसका सबसे ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है। इस समय कई तरह के टूल्स वीडियो, इमेज और आवाज बदलकर व्यक्ति की गरिमा और निजता को चोट पहुंचा रहे हैं। डीपफेक तकनीक ने समाज में एक विखंडन का खतरा भी पैदा किया है। यह एक ऐसी क्रांतिकारी तकनीक है जो वीडियो और ऑडियो में हेरफेर कर किसी भी व्यक्ति की वास्तविकता को ना केवल विकृत कर सकती है बल्कि उसकी निजता को खंडित कर उसकी गरिमा को चोट पहुंचा सकती है। आज भारत में डीपफेक मनोरंजन और व्यंग्य के लिए उपयोगी साधन के रूप में है और इसका सबसे ज्यादा प्रयोग डिजिटल मीडिया में किया जा रहा है। अब इसके गलत इस्तेमाल की खबरें सामने आ रही हैं। बीते कुछ माह पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के आपत्तिजनक डीप फेक वीडियो के सामने आने के बाद ना केवल फिल्म इंडस्ट्री बल्कि भारत सरकार भी सकते में थी।यह एक ऐसा वीडियो था जिसमें अभिनेत्री को छोटे वस्त्र में दिखाकर कर उसकी निजता, गरिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया था। यह एक तरह से मानसिक आघात की तरह था। समाज में अप्रत्यक्ष हिंसा को जन्म देने वाला था।

डीपफेक तकनीक से हुई इस घटना ने साइबर अपराधों में एआई तकनीक के दुरुपयोग व गंभीर खतरों को लेकर भारत सरकार के कान खड़े कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नई दिल्ली में हुए सम्मेलन में डीपफेक को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा- ÷डीपफेक देश के सामने खड़े बड़े खतरों में से एक है। एआई जनरेटिव वीडियो और तस्वीरों में बढ़ोत्तरी के बीच लोगों को नई तकनीक से सावधान रहने की जरूरत है।÷ हालांकि इस घटना को लेकर आईटी मिनिस्ट्री ने चिंता जाहिर की लेकिन इससे जुड़े कानून को लेकर वह मौजूदा आईटी अधिनियम 2000 को ही पर्याप्त मान बैठी व इस तरह के अपराधों से निपटने के लिए गाइडलाइंस भी जारी की। इस पूरे घटनाक्रम के बीच डीपफेक तकनीक ने यह बता दिया कि भविष्य जनरेटिव एआई के बीच कैसा होने जा रहा है। वर्तमान में एआई तकनीक में लगातार सामने आ रहे एडवांस टूल्स हतप्रभ करने को तैयार हैं। डेली, सोरा जैसे एआई टूल्स तो गंभीर सामाजिक और नैतिक चुनौतियां पैदा करने के लिए पर्याप्त हैं। डीपफेक तकनीक का गलत इस्तेमाल भारत में नागरिकों की संवैधानिक नैतिकता बोध पर सवाल खड़े करता है। किसी भी व्यक्ति की छवि धूमिल कर, उसकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंचाने की मंशा इस बात की ओर इशारा है कि भारत में रह रहे लोग अपने संवैधानिक संस्कारों





और मूल्यों के प्रति जागरूक नहीं हैं।

नागरिक समाज देश में हर व्यक्ति की गरिमा, स्वतंत्रता और उसकी निजता के प्रति सम्मान करने की नैतिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक नहीं है। नागरिकों के मन में आज भी उन संवैधानिक मूल्यों, संस्कारों और बोध का अभाव है जिसमें वह एक दूसरे के प्रति बुंधता, समानता, न्याय और उसकी स्वतंत्रता का सम्मान कर सकें। आज भारत में सोशल मीडिया, एआई और उससे जुड़ी तकनीकों से लगातार संवैधानिक मूल्यों का हनन हो रहा है। बिना अनुमति के किसी की तस्वीर लेना, सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालना बंधुता, स्वतंत्रता, गरिमा जैसे मूल्यों का हनन है। इधर एआई के माध्यम से किसी की तस्वीरे में हेरफेर कर उसे मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया पर शेयर कर देना, ऑडियो के जरिए वित्तीय धोखाधड़ी करना यह सब उसी आपराधिक मानसिकता का हिस्सा जिसमें संवैधानिक मूल्य नहीं है और संवैधानिक बुद्धिमता का अभाव है।

दरअसल, भारतीय संविधान में नागरिकों को कई तरह के मौलिक अधिकार दिए गए हैं उनमें से किसी भी व्यक्ति को स्वतंत्रता, न्याय, बंधुता, गरिमा और अपनी निजता के साथ जीने का अधिकार भी प्रदान किया गया है। आज डीपफेक,द्ध द्वारा महिलाओं और बच्चों को लेकर अश्लील व फूहड़ वीडियो तक बनाए जा रहे हैं, जिससे उनकी प्रतिष्ठा, गरिमा व निजता को नुकसान पहुंच रहा है। बीते डेढ़ दशक में अश्लील वीडियो, निजी क्षणों की रिकॉर्डिंग और ब्लैक मेलिंग यह सारे अपराध तेजी से बढ़े हैं। वर्ष 2019 के आसपास ही एम्सटर्डम स्थित साइबर सिक्योरिटी कंपनी डीप ट्रेस में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में कुल 14678 वीडियो ऑनलाइन थे जिसमें से 95 फीसद सामग्री अश्लील थी। यह वीडियो ब्लैकमेल करने और फिरौती मांगने के लिए बनाए गए थे। डीपफेक तकनीक केवल व्यक्ति की स्वतंत्रता, निजता, गरिमा को ही ठेस नहीं पहुंचाती बल्कि इसके इस्तेमाल से लोकतांत्रिक मूल्यों को भी खतरा पहुंच सकता है।एक मीडिया रिपोर्ट में साइबर एक्सपर्ट पवन दुग्गल कहते हैं-डीपफेक का इस्तेमाल फिरौती मांगने, छवि को खराब करने चुनावों में हेरफेर, धांधली, राजनीतिक उम्मीदवारों को बदनाम करने, उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने, उनकी निजता, गरिमा को चोट पहुंचाने में किया जा सकता है।डीपफेक तकनीक सामाजिक अशांति भड़काने में भूमिका निभा सकता है। एक तरह से डीपफेक लोगों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने, भावनात्मक रूप से परेशान करने सामाजिक तनाव बढ़ाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के हथियार के रूप में हमारे सामने है।

**कब जागेगी संवैधानिक नैतिकता-** हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की इच्छा थी कि संस्कृति, समाज, धर्म और जातिगत विविधता के विषम और विसंगतिपूर्ण भारतीय समाज में संवैधानिक साक्षरता फैले। देश का नागरिकता बोध संवैधानिक बुद्धिमता से संपन्न हो। जनता संविधान को लेकर जागरूक हो। राष्ट्र में संविधान लागू केवल कागजों में ही लागू ना हो बल्कि संवैधानिक मूल्य व्यवहारिक रूप से भारतीय समाज की चेतना और संस्कार का हिस्सा बनें। वर्तमान में तो डिजिटल टेक्नॉलॉजी और डिजिटल मीडिया में इसने ना केवल आकार ग्रहण करना शुरू कर दिया है बल्कि यह यह एआई के कई तरह के टूल्स के जरिए और संकट पैदा करेंगे। सवाल यह है कि भारत में जहां संवैधानिकता नैतिकता बोध, संस्कार और संवैधानिक मूल्यों के अभाव में एआई किस स्वरूप में सामने आएगा?

**- साभार**

# अंटार्कटिका की आंख, बर्फ के टुकड़े ले लेते हैं रोचक और मनमोहक आकार



अंटार्कटिका में आंख के आकार का बर्फ का टुकड़ा। यह पिघलकर प्लेन्यू खाड़ी के केंद्र से दूर हो गया है। हमखंड कई बार ऐसे रूप धारण कर लेते हैं जिनके बारे में हम चाहते हैं कि वे हमेशा बने रहें। वे समुद्र में गिरे ग्लेशियरों से टूटे हुए या कटे हुए जमे हुए ताजे पानी के टुकड़े हो सकते हैं। अंटार्कटिका दुनिया में सबसे अधिक मात्रा में हिमखंड पैदा करता है। महाद्वीप से निकले कुछ हिमखंड 80 किलोमीटर से अधिक लंबे हैं। बर्फ का हर टुकड़ा अलग होता है। ऐसा लगता है जैसे उसे अनोखे तरीके से तराशा गया है।

# एक तरीका है पता लगाने का कि कौन सा नेता भारत में बेरोजगारी की समस्या का समाधान करेगा

## भारत का जॉब मार्केट आगे नहीं बल्कि पीछे जा रहा है, वोट देने से पहले सही सवाल पूछें

■ नीलकांतन आरएस

दुनिया भर में हर जगह राजनेता और राजनीतिक रणनीतिकार अब बिल क्लिंटन के एक वाक्य, ÷यह मूर्खतापूर्ण अर्थव्यवस्था है÷ का उपयोग उस सच का वर्णन करने के लिए करते हैं जिसे वे हमेशा से जानते हैं- लोग इस आधार पर वोट देते हैं कि वे जीवन में अपनी संभावनाओं के बारे में कैसा महसूस करते हैं. नई नौकरी पाने या उसमें आगे बढ़ने की क्षमता को ज्यादातर लोग इसी आधार पर मापते हैं. यही कारण है कि, दुनिया भर में राजनेता रोज़गार सृजन पर जोर-शोर से अभियान चलाते हैं. भले ही अक्सर इस पर सीधा नियंत्रण बहुत कम होता है। एक सामान्य नियम के रूप में, जिस सरकार के बारे में लोगों को लगता है कि वह नौकरी दे रही है तो वे उस सरकार को दोबार चुनते हैं और जिस सरकार के बारे में लगता है कि उसके शासन काल में नौकरियों कम हुई हैं तो लोग उस सरकार को उखाड़ फेंकते हैं. लोकसभा चुनावों से पहले, इस बात का जायजा लेना अच्छा होगा कि इस देश में रोजगार सृजन के मामले में पिछले कुछ वर्षों में क्या हुआ है। शुरू करने के लिए, आइए कुछ बुनियादी सवाल पूछें. पहला कि पिछले वर्ष या पिछले कुछ वर्षों में कितनी नई नौकरियों का सृजन हुआ है? और उन नौकरियों का सेक्टर के हिसाब से ब्रेकअप क्या है यानि कि किस क्षेत्र में कितनी नौकरियां पैदा हुई हैं? आदर्श रूप से, विनिर्माण क्षेत्र में ढेर सारी नौकरियां पैदा करने की ज़रूरत होती है. राजनेता और अर्थशास्त्री दोनों इस बात पर सहमत हैं कि लोगों को कृषि श्रम जैसे अनुत्पादक कम वेतन वाले काम से बाहर निकालने का एक स्थायी तरीका है. इसके अतिरिक्त, हम चाहते हैं कि अनौपचारिक क्षेत्र के विपरीत औपचारिक क्षेत्र में अधिक लोगों को नियमित नौकरियां मिलें.आइए इन सवालों पर भारत के प्रदर्शन का मूल्यांकन करें।

**'गलत' क्षेत्र के कार्यबल को बढ़ावा:** भारत के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के आधार पर, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में 2022 में लगभग 9.9 मिलियन नई नौकरियां पैदा हुईं। यह आंकड़ा देश में कामकाजी उम्र के सभी नागरिकों के लिए सभी क्षेत्रों में सृजित सभी नौकरियों को शामिल करता है. संदर्भ के लिए, भारत हर साल लगभग 10-12 मिलियन कॉलेज स्नातक पैदा करता है. और लगभग चार गुना लोग जो कभी कॉलेज नहीं गए, वे भी कामकाजी उम्र के हो गए. तो, सृजित कुल नौकरियां उस वर्ष काम करने के योग्य बनने वाले लोगों की कुल संख्या का एक तिहाई और एक चौथाई के बीच है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कोई कैसे गिनती करता है. कतार में बड़ी संख्या में पिछले वर्षों के बेरोजगार लोग भी शामिल हैं।अब, उसी द्दस्र्ह्र रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में श्रमिकों की संख्या में 12.9 मिलियन की वृद्धि हुई जो कि 9.9 मिलियन नई नौकरियों की शुद्ध वृद्धि से अधिक है। इससे अन्य क्षेत्रों में नुकसान का पता चलता है. यह एक ऐसे समाज के रूप में हम जो चाहते हैं उसके बिल्कुल विपरीत है जो लोगों को कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण अर्थव्यवस्था की ओर ले जाना चाहता है. भारत ने 2022 में विनिर्माण क्षेत्र में केवल 1.7 मिलियन नौकरियां जोड़ीं, जो कि कृषि में जोड़ी गई नौकरियों के 10 प्रतिशत से भी कम है! ऐसा लगता है कि देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के बजाय और भी अधिक कृषि प्रधान बनकर पीछे की ओर बढ़ रहा है।

**रोजगार सृजन में ठहराव-** नौकरी की गुणवत्ता में गिरावट, कोई हालिया घटना नहीं है. वास्तव में, यह प्रवृत्ति सदी की शुरुआत



से ही सामने आ रही है. उदाहरण के लिए, 2012-2019 के बीच, जिसमें मोदी प्रशासन का पहला कार्यकाल और पिछली सरकार का कार्यकाल दोनों शामिल हैं, देश में कुल नौकरियां सापेक्षिक रूप से स्थिर रहीं. 2012 में नौकरियों की कुल अनुमानित संख्या 466.3 मिलियन थी. 2019 में यह 466.5 मिलियन था. इन सात वर्षों में, संभावना है कि100-150 मिलियन युवा कामकाजी उम्र के हो गए, जबकि शायद ही कोई अतिरिक्त नौकरियां पैदा हुईं। रोज़गार सृजन का एक अन्य महत्वपूर्ण पैमाना यह है कि क्या ये औपचारिक क्षेत्र में नियमित नौकरियां हैं. जब कोई ÷नौकरी÷ शब्द का जिक्र करता है, तो जो छवि आम तौर पर दिमाग में आती है वह किसी वेतनभोगी ऑफिस या फैक्ट्री वाले कर्मचारी की होती है. लेकिन उस तरह का काम सभी नौकरियों के दसवें हिस्से से भी कम है। 2022-2023 के बीच, इस श्रेणी की नौकरियां जिसे पीएलएफएस द्वारा 'रेग्युलर' के रूप में वर्गीकृत किया का अनुपात वास्तव में कुल नौकरियों की तुलना में घटा है. नौकरियों की एकमात्र श्रेणी जिसमें वृद्धि देखी गई वह थी 'स्व-रोजगार' व 'अवैतनिक पारिवारिक श्रम'. ये दोनों, फिर से, छिपी हुई बेरोजगारी के रूप हैं और सापेक्ष मिश्रण में उनकी वृद्धि केवल चिंता का विषय है। चौंकाने वाली बात यह है कि भारत के 71 प्रतिशत युवा एनईईटी श्रेणी में आते हैं, यानी रोजगार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं. इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि इनमें से कुछ युवा केवल नौकरी खोजने के लिए काफी घातक कदम उठाते हैं, जैसे अपनी जिंदगी को दांव पर लगाकर निकारागुआ जाना या फिर संयुक्त राज्य अमेरिका जाना. कुछ लोग सिक्युरिटी का उल्लंघन करते हुए संसद भवन में कूद गए और गंभीर परिणाम भुगतने का जोखिम उठाया। एक बड़ी बेरोजगार युवा आबादी, विशेषकर युवा पुरुष, दुनिया भर में क्रांतियों के कारक रहे हैं. यह फ्रांसीसी क्रांति से लेकर अरब स्प्रिंग तक का सच रहा है. राजनेता इस जोखिम से अनभिज्ञ नहीं हैं कि बेरोजगार युवा अपने राजनीतिक करियर और सामान्य शांति दोनों के लिए खतरा पैदा करते हैं. इसीलिए, उदाहरण के लिए, नरेंद्र मोदी ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां पैदा करने का वादा किया. हालांकि, वह वादा पूरा नहीं हुआ है। जैसा कि नरेंद्र मोदी और भाजपा को पता चला है, राजनेताओं और राजनीतिक दलों के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है. हर कोई बड़े पैमाने पर नौकरी में वृद्धि देखना चाहता है. लेकिन वास्तविकता यह है कि नौकरी में वृद्धि अच्छे आर्थिक नीति निर्धारण का नकारात्मक प्रभाव है. नीतिगत मोर्चे पर खराब निर्णय के बावजूद नौकरियों को हकीकत में नहीं बदला जा सकता. लोगों को वैल्यू चेन में आगे बढ़ने और उत्पादक गैर-कृषि नौकरियों में बने रहने के लिए सबसे पहले शिक्षा प्राप्त करनी होगी। जब कोई राजनेता आपका वोट मांगता है, तो शायद सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह होता है- मानव पूंजी के निर्माण के लिए उनकी दीर्घकालिक रणनीति क्या है? और वे उस पूंजी को, एक बार बनने के बाद, उत्पादक श्रम शक्ति में बदलने का लक्ष्य कैसे रखते हैं? यदि उनका उत्तर केवल 'बिजनेस फ्रैंडली' होने तक सीमित है, तो आप जानते हैं कि उन्होंने इसके बारे में नहीं सोचा है. यदि उनका उत्तर है कि यह काफी जटिल है और इसका कोई आसान उत्तर नहीं हैं तो शायद वह व्यक्ति जानता है कि नौकरी क्या है। किसी काम के बारे में जानना उसे करने की दिशा में पहला कदम है।

(लेखक डेटा वैज्ञानिक और साउथ वर्सेज़ नॉर्थ इंडियाज़ ग्रेट डिवाइड के लेखक हैं, यह उनके विचार हैं, द प्रिंट से साभार अंश)

# नर्मदा के तट पर चल रही है भागवत कथा



**सिवनी मालवा।** मां नर्मदा के दक्षिणी तट शिवपुर से 6 किलोमीटर उत्तर में नई चांदगढ़ कुटी पर संगीतमय में श्रीमद् भागवत कथा रसामृत वर्षा कथावाचिका सुश्री भारती किशोरी श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से की जा रही है आसपास की सैकड़ो धर्म प्रेमी जनता भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। तृतीय दिवस कथा में माता अनुसुईया माता सती की कथा शिव विवाह का प्रसंग सुनाया एवं शिव पार्वती विवाह के मनोरम दृश्य का दर्शन आस पास से भक्तों द्वारा कथा श्रवण कर पुण्य लाभ लिया।

# खरबई एसएसटी चेक प्वाइंट पर 3 लाख रु जप्त



**रायसेन, दोपहर मेट्रो।**

जिले में सांची विधानसभा अंतर्गत खरबई स्थित एसएसटी चैक प्वाइंट पर एसएसटी टीम द्वारा जांच के दौरान राजेश सिंह आत्मज राजपाल सिंह निवासी साकेत नगर भोपाल से 03 लाख रु नगदी जप्त किए गए। राजेश सिंह द्वारा उक्त राशि को वाहन क्रमांक स्क्क04 श्क्क6374 में भोपाल से रायसेन की ओर ले जाया जा रहा था। राजेश सिंह द्वारा राशि के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## ग्रामवासियों ने किया चुनाव का बहिष्कार

# प्रधानमंत्री सड़क योजना में गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, जगह-जगह उखड़ रही सड़क





**ग्रामीणों ने विधायक सहित 181 पर शिकायत के बाद भी नहीं निकला कोई हल**

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की सरकार द्वारा बनाई गई प्रधानमंत्री सड़क योजना जो देश के प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने की सबसे महत्वपूर्ण योजनाएं मानी जाती हैं।इस योजना के तहत आज देश के प्रत्येक गांव जो छोटे-छोटे कस्बो की आबादी में बसते हैं बो आज मुख मार्ग से जुड़ गए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री सड़क योजना में जिला अधिकारियों की मिली भगत के कारण ठेकेदार द्वारा जमकर भ्रष्टाचार कर गुणवत्ता हीन प्रधानमंत्री सड़क योजना का निर्माण कर इस योजनाओं को धता बता रहे हैं कुछ दिनों बाद ही यह सड़क उखाड़ने लगती है। सिवनी मालवा तहसील से मात्र 8 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग से ग्राम खल के ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना में घटिया निर्माण एवं ठेकेदार पर गंभीर आरोपों लगाते सड़क मरम्मत कार्य के पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए समस्त ग्राम वासी तहसील कार्यालय पहुंचकर चुनाव बहिष्कार का ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री सड़क योजना की राशि भी निकाल ली गई है जिसकी शिकायत ग्राम वासियों ने आला अधिकारी से लेकर क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा को भी की थी लेकिन अभी तक कोई भी हल नहीं निकल पाया है। ग्राम वासियों ने क्षेत्रीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें भी जानकारी देने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य घटिया किया जा रहा है एवं सड़क निर्माण की राशि प्रशासन के आल्हा अधिकारियों की मिली भगत से निकल जा रही है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत 181 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी कई बार की गई है लेकिन आला अधिकारी ग्राम वासियों एवं शिकायतकर्ता को 181 पर से शिकायत उठाने की सलाह दे रहे हैं लेकिन सड़क निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। घटिया निर्माण के चलते ग्राम वासियों को आने-जाने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि कई बार तो गाड़ी रोड पर से फिसल जाती है एवं बड़े हादसे हो जाते हैं जिसकी जानकारी भी अधिकारियों को दी गई लेकिन शिकायत पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।मजबूरन ग्राम खल के समस्त ग्रामवासी इकट्ठे हुए और चुनाव बहिष्कार के लिए तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सोपा एवं चुनाव बहिष्कार करने की बात ग्राम वासियों ने कही ग्राम वासियों का कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं सबसे पहले ग्राम खल की रोड बनाया जाए उसके बाद ही वोट दिया जाएगा नहीं तो समस्त ग्रामवासी चुनाव का बहिष्कार करेंगे।

### लोखरतलाई से सांटई गंगिया मार्ग भी हुआ जर्जर

सिवनी मालवा के आदिवासी अंचलों में अधिकतर प्रधानमंत्री सड़क योजना के बनी है जिनका आज बुरा हाल हैं आजादी के 70 साल बाद पहली बार ग्राम लोखर तलाई से सांटई,गंगिया तक की सड़क का निर्माण किया गया लेकिन अब वही सड़क जगह-जगह से उखड़ गई है। जिसमें छोटी-छोटी गीटटिया सड़कों पर बिखर रही हैं गांव वालों को आने-जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने भी इस सड़क का शीघ्र ही मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है।

### लोक निर्माण के एसडीओ नहीं उठाते फोन

सिवनी मालवा लोक निर्माण विभाग में बरसों से लोक निर्माण एसडीओ का पद खाली है ।प्रभारी एसडीओ का चार्ज संभाले हुए हैं सिवनी मालवा के ही रहने वाले रघुवंशी है जो वर्षों से लोक निर्माण विभाग में पदस्थ हैं वह स्थानीय होने के कारण उनका एसडीओ की कुर्सी से इतना प्रेम है कि वह किसी का भी फोन उठाकर लोक निर्माण के अंतर्गत बनी हुई सड़कों की कोई जानकारी नहीं देते हैं। और ना ही वो सिवनी मालवा के पत्रकारों का फोन उठाते हैं कई बार पत्रकारों द्वारा कार्यालय में जानकारी लेने पहुंचते हैं तो वह कार्यालय में कभी भी उपस्थित नहीं दिखाई देते हैं ।शीघ्र ही उनकी इस कार्य शैली को लेकर सिवनी मालवा का पत्रकारों का एक दल जिले के आला अधिकारियों से भी चर्चा करने का मन बना चुका है।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन आज

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**



सिवनी मालवा के स्थानीय राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर में 14 अप्रैल को सर्व ब्राह्मण समाज की एक बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसमें प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव को लेकर सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के द्वारा चर्चा की जाएगी। बैठक में आमंत्रण पत्र वितरित करने और परशुराम जयंती में शोभा यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों को किस तरह से आयोजित किया जाएगा इसकी रूपरेखा तैयार की जाएगी। सिवनी मालवा सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विकास पाठक ने बताया की पूर्व में 2 बार बैठक आयोजित की जा चुकी है वही अंतिम बैठक 14 अप्रैल को शाम 4 बजे आयोजित की जायेगी जिसमे ब्राह्मण समाज के प्रत्येक घरों तक आमंत्रण भेजने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया की भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव को भव्य रूप में मनाने को लेकर बैठक आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भगवान् परशुराम जन्मोत्सव 10 मई को आयोजित किया जाएगा।

आपको बता दें की प्रतिवर्ष सिवनी मालवा नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन करता है। वहीं भगवान परशुराम का पूजन अर्चन के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव में निकलने वाली शोभा यात्रा में अलग-अलग प्रकार की कई झांकियां भी सजाई जाती है।

# गणगौर मां को नम आंखों से दी विदाई



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

16 दिन तक चलने वाला गणगौर उत्सव पूरे आस्था उमंग एवं उत्साह के साथ गणगौर माता को नम आंखों से ग्रामीणों ने विदाई दी 16 दिनों से चलने वाला गणगौर पर्व को बड़े ही धूम धाम के साथ मनाया जाता है इस आस्था के साथ की क्षेत्र उन्नत सील और खुशहाल हो।रतनपुर अंधेरिया की पुरानी बाड़ी के मुखिया मांगीलाल भिलाला सुरेंद्र सिंह राजपूत इंदर सिंह राजपूत द्वारका प्रसाद राठौर ने बताया कि यह 9 दिनी गणगौर पर्व प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी हमारे ग्राम रतनपुर अंधारिया में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया चैत्र माह की नवमी के दिन होली की राख से मां के खड़े महिलाएं लेकर आती है वही माता पार्वती की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा अर्चना की जाती है वही प्रतिदिन कुंवारी कन्याओं द्वारा नदी किनारे पाती खेली जाती है आठवें दिन मां गणगौर को पूरे गांव में नीर पर निकाला जाता है इसके बाद जिनके घर पर मां गणगौर विराजमान की जाती है वहां पर माता गणगौर का मंडप मेहंदी की पूरी रस्म करते हुए नौवे दिन मां गणगौर को आस्था उमंग उत्साह के साथ नदी पर मां के ज्वारो का विसर्जन किया जाता है।

# छात्राओं ने मेहंदी एवं स्लोगन लेखन से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम के शासकीय संभागीय आईटीआई में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आईटीआई की छात्राओं के द्वारा मेहंदी एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। मेहंदी एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

# नागरिक सी-विजिल एप पर सीधे कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए गए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर इसकी शिकायत कर सकता है।

नागरिक यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट के भीतर कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श चुनाव आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी-विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकता है।

**मेट्रो एंकर** | आमूपुरा के छात्र छात्राओं ने नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को दी समझाइश

# ‘शादी जितना ही महत्वपूर्ण कार्य है वोट डालना’



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

मतदान के दिन शादी के अवसर पर लोग वोट से ज्यादा विवाह को महत्व देते हैं । कुछ ग्रामीण शादी वाले परिवार के घर आकर वोट डालने की सलाह देते हैं एवं वोट के महत्व को बताते हैं इससे परिवार के लोग प्रेरित होकर वोट डालते हैं। यह सब होता है माध्यमिक शाला आमूपुरा के शिक्षक प्रेमसिंह सोनगरे के द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में तैयार कराये नाटक में । नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने के अलग अलग तरह से प्रयास किया जा रहे हैं इसी तारतम्य में नाटक का मंचन शासकीय माध्यमिक शाला आमूपुरा में किया। नाटक के मंचन में माध्यमिक शाला के छात्र छात्रायें जिसमें श्रद्धा यादव, राजा यादव, राजू यादव, करण यादव, शुभम यादव, एवं मोनिष यादव शामिल हुये। नाटक को बूथ लेबल मतदाता जागरूकता समूह के सांथ ग्रामीणों ने देखा ।

### भीलाखेड़ी में शासकीय अमले ने ग्रामीणों को मतदान के लिये किया प्रेरित

**नर्मदापुरम।** ग्राम पंचायत भीलाखेड़ी में दिनांक 13 अप्रैल को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। भीलाखेड़ी में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग, महिला बाल विकास विभाग, आयुष विभाग शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के प्रशासनिक अमले ने किया मतदाताओं को जागरूक किया। ग्राम पंचायत भीलाखेड़ी में मतदाताओं को 26 अप्रैल को लोक सभा निर्वाचन में मतदान करने के लिये पंचायत में पदस्थ समस्त शासकीय अमले के द्वारा रैली निकालकर जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही मतदान करने के लिये शपथ भी दिलाई गई।



जागरूकता अभियान में पंचायत सचिव नरेन्द्र सिंह राजपूत,रोजगार सहायक भारती चौहान ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता पवार,विनीता सोलंकी, पूर्णिमा साहू, दिव्या सराठे ,ललिता ठाकुर,आयुष विभाग से कल्याणी चिमांनिया,अनिल,स्कूल टीचर धुर्वे जी , कंप्यूटर ऑपरेटर आज मालवीय ग्राम कोटवार राजू अहिरवार, पंप ऑपरेटर रोहित अहिरवार चौकीदार जितेंद्र मालवीय एवं स्कूल की छात्र छात्राएं मौजूद रहे ।

### रोहना के मतदान केन्द्र क्रमांक 13 एवं 14 पर मतदान करने की ली शपथ



**नर्मदापुरम।** समीपस्थ ग्राम रोहना में 02 मतदान केंद्र हैं जिसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 13 शासकीय प्राथमिक शाला रोहना एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 14 शासकीय माध्यमिक शाला रोहना हैं जो दोनों एक ही परिसर में हैं। बीएलओ प्रयास गोस्वामी एवं अनिल मेहरा हैं जिनके द्वारा निरंतर मतदाताओं को जागरूक करने के लिये प्रयास किये जा रहे हैं। सीईओ जनपद पंचायत के भ्रमण के दौरान भी मतदाता जागरूकता अभियान पर चर्चा की गई। सीईओ हेमंत सूत्रकार ने दोनों मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण उपरांत उपस्थित अमले को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। जिसमें बीएलओ प्रयास गोस्वामी, अनिल मेहरा, सचिव विजय चौरे, प्राचार्य बी के नरवरिया, शिक्षक योगेश तिवारी, रश्मि दुबे शैल्वी पवार, सुनील गौर, रेखा बिनोदया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू पटवा, आशा साहू, सहायिका पूजा, पूनम बाई एवं अन्य ग्रामीण सहित जनपद पंचायत से सहायक लेखा अधिकारी महेश दुबे एवं बीपीओ रेवाशंकर लोवंशी उपस्थित रहे।




# पथरिया में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिक किए सील



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों में अवैध रूप से चल रहे निजी क्लिनिको ,अस्पताल में आए दिन झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा कई मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ भी कई जगह किया जा रहा है। इन पर जांच करके कार्रवाई करने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी टीम गठित की । जिसमें खंड चिकित्सालय अधिकारी विकास सिंह ,नायव तहसीलदार विकास अग्रवाल डां गोलू जाटव, थाना प्रभारी ऋतुराज, पटवारी सुनील यादव पटवारी शामिल करके बनाई गई है । जिसने शनिवार को पथरिया में पहुंचकर दो क्लिनिको को अवैध रूप से संचालित पाए जाने पर सील किया है । जब टीम कार्तिक विश्वास क्लिनिक ओर अमर बंगाली क्लिनिक जांच पड़ताल करने पहुंची तो उनके कोई दस्तावेज क्लीनिक संचालित करने के नहीं मिले यहां पर झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा मरीजों को उपचार किया जा रहा था एक जगह तो बोतल मरीज को चढ़ाई गई थी जो टीम को मौके पर मिली है । जो दबाए मेडिकल पर मिलनी चाहिए उसमें की कई दवाई इनके क्लीनिक पर रखी पाई गई है। इसके बाद पंचनामा बनाकर कार्रवाई के लिए इनको सील किया गया है।इस तरह से नगर में भी बड़ी संख्या में अस्पतालों तथा क्लिनिक अवैध रूप से झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा चलाए जा रहे हैं। क्या प्रशासन इन पर भी कार्रवाई करेगा।

# 94 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए, 89 वाहनों पर हुई चालानी कार्यवाही

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विदिशा कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज जिला परिवहन अधिकारी श्री गिरिजेश वर्मा ने महानीम चैराहा एवं सिरोंज में वाहनों की जांच-पड़ताल कर नियमों को पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है।

जिला परिवहन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान 94 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनमें से 89 वाहनों से शमन शुल्क 80 हजार रुपये वसूल किया गया है जबकि शेष 05 अन्य वाहन प्रकरण निराकरण की

## वाहनों की जांच-पड़ताल कार्यवाही सतत जारी



प्रत्याशा में जप्त कर पुलिस थाना शमशाबाद एवं सिरोंज में सुरक्षार्थ रखे गए हैं।

कार्यवाही में विशेष रूप से वाहनों में पात्रता से अधिक सवारी होने, भारवाही वाहनों में सवारी ढोने एवं वाहनों में वैध प्रपत्र ना होने तथा वाहन में अनुग्येय सीमा के बाहर माल भरे होने के संबंध में साथ ही वाहनों में नियमानुसार नंबर प्लेट लगी ना होने, अवैध रूप से हूटर लगे होने पर कार्यवाही की गई। जिले में वाहन चेकिंग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

इस दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजस्व अधिकारियों के लिए आवश्यक बुलेरो, स्कार्पिओ आदि छोटे वाहनों को अधिग्रहित किए जाने हेतु 70 वाहनों को जारी अधिग्रहण आदेश तामिल कराए गए हैं।

### स्वीप गतिविधियों का आयोजन सतत जारी

# छात्राओं ने मतदाताओं को तिलक लगाकर मतदान के लिए आमंत्रित किया

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप गतिविधियों का आयोजन सतत जारी है।



विदिशा जिले में मतदान प्रतिशत बढ़े और जिला सर्वाधिक मतदान वाला जिला बने इस उद्देश्य से आज जिले में विविध प्रकार की स्वीप गतिविधियों का आयोजन हुआ। पिछला वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास की छात्राओं ने विदिशा नगर के मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित करने के उद्देश्य से डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदाताओं को तिलक लगाकर व पुष्प बरसा करने के साथ-साथ पीले चावल बांटकर मतदान दिवस 7 मई 2024 को अपने नियत किए गए मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया है। ग्राम पंचायत उनारसी ताल, सरवरपुर और सतपाड़ा सराय में दीवार लेखन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया है। सतपाड़ा सराय में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों तथा विद्यालयीन स्टाफ ने मतदाता जागरूकता की शपथ का वाचन किया है। साथ ही जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगोलिया सजाकर भी मतदाताओं को मतदान के लिए अभिप्रेरित किया गया है।

# अभ्यर्थियों के व्यय पर सतत निगरानी रखें: व्यय प्रेक्षक

विदिशा, दोपहर मेट्रो।

संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन ने आज विदिशा जिले में अभ्यर्थियों के व्यय पर निगरानी रखने हेतु किए गए प्रबंधो की समीक्षा की। वन विभाग रेस्टहाउस में आयोजित इस समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा, विदिशा एसडीएम व सहायक रिटर्निंग आफीसर श्री क्षितिज शर्मा, तहसीलदार डॉ अमित सिंह, लायजिंग आफीसर व वन विभाग के एसडीओ विजय मौर्य, सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश मौर्य के अलावा एमसीएमसी, व्हीएसटी सहित अन्य प्रकोष्ठो के नोडल अधिकारी भी मौजूद थे।



व्यय प्रेक्षक जैन ने अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रकार की दी जा रही अनुमति स्थलों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर व्यय की सतत निगरानी रखी जाए इसी प्रकार उन्होंने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर निगरानी रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बैठक आयोजन के पूर्व संसदीय क्षेत्र 18 विदिशा के अंतर्गत आने वाली दोनो विधानसभा क्रमशः विदिशा व बासौदा में अभ्यर्थियों के व्यय लेखा पर निगरानी रखने, जांच पड़ताल करने के लिए किए गए प्रबंधो के साथ-साथ विभिन्न स्थलों पर जांच पड़ताल करने हेतु नियुक्त व्हीएसटी के अलावा अन्य स्थलों पर जांच पड़ताल के लिए किए गए प्रबंधो से अवगत कराया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत चैबे ने सुरक्षा के दृष्टिकोण और जांच पड़ताल के लिए विधानसभावार किए गए प्रबंधो पर प्रकाश डाला है। प्रेक्षक श्री जैन को एमसीएमसी के माध्यम से पैड न्यूज की निगरानी के लिए किए गए प्रबंधो पर भी गहन प्रकाश डालते हुए अवगत कराया गया है।

### संस्कार ग्रीन वैली स्कूल पर करोड़ की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के लग रहे आरोप

# बच्चों के भविष्य मंडराया खतरा, एसडीएम ने खड़े होकर करवाया सीमांकन





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

तत्कालीन अधिकारियों की अनदेखी कहे या फिर साठ गांठ से कई सालों से करोड़ों की सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके संस्कार ग्रीन बेली स्कूल काफी क्षेत्र संचालित हो रहा रहा है। जिसका खुलासा शनिवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने खड़े होकर जब सरकारी नशे से जरीव डलवा कर आर आई, पटवारी और राजस्व विभाग की टीम से स्कूल के एरिया का सीमांकन करवाया तो अधिकारी भी अतिक्रमण देखकर दंग रह गए संस्कार ग्रीन बेली स्कूल के मालिक के द्वारा लगभग12000 स्क्वायर फीट के करीब सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है ऐसी बात सीमांकन के दौरान एसडीएम के द्वारा कही गई है। वहीं स्कूल प्रबंधन के द्वारा आसपास एरिया में पक्का निर्माण भी कर लिया है खेल मैदान गार्डन झूले आदि के साथ कुछ क्षेत्र में स्कूल की बिल्डिंग भी तान दी है वहां भी अतिक्रमण एरिया में होना बताया जा रहा है । अन्य सुविधाएं भी इसी सरकारी जगह पर संचालित करके अभिभावकों से मोटी रकम वसूलने का काम भी सरकारी जमीन पर बच्चों को पढ़ने के बदले में लिया जा रहा है। हैरानी कि बात यहां कि इतने वर्षो से अवैध रूप से अतिक्रमण स्कूल मलिक के द्वारा अब तो पूरी तरह से कब्जा भी कर लिया है चारों तरफ पक्की बाउंड्री वॉल काफी ऊंची बना दी है गेट भी लगा दिया गया है।

## टीम लेकर पहुंचे एसडीम

दोपहर के बाद एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया, के साथ नगर पालिका , राजस्व विभाग के अमले के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल को लेकर स्कूल और उसके आसपास का सीमांकन करवाने के लिए पहुंचे एक तरफ से जरीव डलवा कर सीमांकन प्रारंभ हुआ जिसमें कई ईंट भट्ठों का भी अतिक्रमण पाया गया इनके अतिक्रमण को हटाने का काम भी मौके पर तहसीलदार ने करवाया ने तीन मोटरों, इंजनों को भी जप्त किया जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाने का काम किया गया कुछ अतिकमान धारियों ने फोन लगवा कर एसडीएम पर को दवा बनाने का प्रयास जिसके बाद एसडीएम ने उनको खरी खोटी सुनाते हुए एक तरफ से कार्रवाई करने की बात कहीं एसडीएम ने जल्दी ही ईटों को अतिक्रमण क्षेत्र हटाने का समय दिया है इसके बाद नहीं हटाया तो उनको भी जप्त करने की बात कही।

## संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का किया सीमांकन

इसके बाद एसडीएम राज्स्व बिभाग के अमले को लेकर संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का सीमांकन करवाने के लिए पहुंचे तो ता चला कि यहां पर लंबे एरिया में अवैध रूप से कब्जा करके सरकारी जमीन के काफी क्षेत्र में पक्का निर्माण भी कर लिया है ऐसी बात भी सामने आ रही है , अतिक्रमण भी कई सालों से होना बताया जा रहा हैं ।। इसके बाद एसडीएम ने पंचनामा बनाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के लिए संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के मालिक को नोटिस देकर कार्रवाई करने के निर्देश थे अधीनस्थ अमले को देते हुए कहा कि सबसे पहले संस्कारी ग्रीन वैली स्कूल संचालक को अवैध रूप से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करके कब्जा करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा उसके बाद जितना भी क्षेत्र अतिक्रमण में आया आएगा उसको तोड़ने की कार्रवाई भी की जाएगी यदि ऐसा होता है तो संस्कार ग्रीन वैली स्कूल का काफी एरिया अतिक्रमण में आता हुआ नजर आ रहा है । अभी तक एसडीएम के द्वारा जिस तरह की कार्रवाई नगर में की जा रही वैसी कार्रवाई की गई तो बड़ी कार्रवाई नार्मी स्कूल पर अतिक्रमण हटाने की हो सकती है ।क्योंकि एसडीएम के द्वारा पक्षपात पूर्ण कार्रवाई एक तरफ से की जा रही है इनके द्वारा छोटे बड़ों के अतिक्रमण भी तोड़े जा रहे हैं उसी तरह की कार्रवाई संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के अतिक्रमण होने की बात कही जा रही है ऐसा कर दिया तो बड़ी बात प्रशासन के लिए होगी । सूत्र बताते हैं कि तात्कालिक अधिकारियों से मिल भगत करके इस खेल को अंजाम दिया गया है । क्योंकि स्कूल के मलिक के द्वारा अपने फायदे के लिए सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके स्कूल का काफी एरिया संचालित किया जा रहा है । इसके बदले में सरकार को तो कुछ भी नहीं दिया जा रहा उल्टा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता–पिता से जरूर सुविधाओं के नाम पर मोटी रकम वसूलने का काम किया जा रहा है।

## क्या प्रशासन का बुलडोजर स्कूल के अतिक्रमण पर चलेगा

अब देखना है कि एसडीएम के द्वारा सीमांकन तो कर लिया गया है जिसमें 82 फीट अंदर तक सरकारी जमीन होना पाया गया है एवं डेढ़ सौ के करीब लंबाई में अतिक्रमण पाया गया है ।उसको मुक्त करवाने के लिए क्या स्कूल के अतिक्रमण एरिया पर जेसीबी चलाने का काम प्रशासन कर पाएगा या नहीं या फिर पहले के अधिकारियों के द्वारा जो खाना पूर्ति की गई है । उसी तरह की खाना पूर्ति करके सरकारी जमीन संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के पास ही रहेगी यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा ।

## जिम्मेदार सोते रहे और स्कूल मलिक पसरता रहा पैर ने कर लिया कब्जा

वैसे तो केथन डैम के नीचे डेंजर जोन होने के बाद भी तत्काल अधिकारियों ने आंखें बंद करके स्कूल की बिल्डिंग और कॉलोनी बनाने की अनुमति भी दे दिया फिर काहे साथ गांठ करके ही नियम वृद्धि कम को करवा दिया गया तभी तो पहले थोड़ी सी जगह में अतिक्रमण किया फिर धीरे–धीरे करके स्कूल मलिक ने लंबे क्षेत्र में अतिक्रमण करके पक्के निर्माण भी कर डाले जब इसका सीमांकन करने के लिए एसडीएम स्वयं खड़े हुए तब जाकर नपती हुई तो पता चला कि सरकार की करोड रुपए की जमीन अवैध रूप से स्कूल ने अपने कब्जे में कर रखा है ।

## 5 करोड़ की बताई जा रही है जमीन

जिस सरकारी जमीन पर अभी अवैध रूप से कब्जा होना बताया जा रहा है उसकी कीमत भी 5 से 6 करोड़ के बीच में आंकी जा रही है सबसे बड़ी बात तो है कि इतने बड़े एरिया पर अवैध रूप से अतिक्रमण का करके निर्माण कार्य भी कर लिए गए तत्कालीन अ जिम्मेदार अधिकारियों ने किसी भी तरह की कार्रवाई करना तो दूर की बात है अतिक्रमण करने पर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा तो किसी भी तरह का कोई नोटिस भी स्कूल प्रबंधन को जारी नहीं किया गया है । साइन बाबा के तत्कालीन अधिकारियों ने भी कोई ध्यान नहीं दिया आंखें बंद करके डेंजर जोन में कॉलोनी स्कूल बनाने की अनुमति भी दे डाली या फिर इनकी मिली बगैर से ही स्कूल प्रबंधन ने अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है ।

## इनका कहना है-

*हमने जमीन ली, सीमांकन कराया समस्त प्रकार की एनओसी ली, रजिस्ट्री कराई इसके बाद काम किया है। हम नियम अनुसार सही हैं। -*

***निज़ाम खान** ,संचालक ग्रीन वैली स्कूल डायरेक्टर सिरोंज*

*हमारे द्वारा एक तरफ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा भी बड़े एरिया में अवैध रूप से अतिक्रमण करके बाउंड्री वाल साथ काफी क्षेत्र में पक्का निर्माण भी कर लिया है । स्कूल बिल्डिंग का कुछ एरिया भी अतिक्रमण में पाया गया है । सीमांकन के दौरान 82 फीट अंदर और डेढ़ सौ फीट के आसपास लंबाई में अतिक्रमण पाया गया है। स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी फिर इसको हटाने की कार्रवाई की जाएगी बिल्डिंग का जो एरिया अतिक्रमण है उसको भी तोड़ा जाएगा सरकारी जमीन की रजिस्ट्री भी जीरो मनी जाती है।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज*

मेट्रो एंकर

### जगराते में देवी भजनों पर झूमे श्रद्धालु

# माँ महामाई के दरबार में लता परदेशी के एक बढ़कर एक भजनों पर झूमते दिखे भक्तगण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लगातार दो दिनों से बिगड़ रहे मौसम और हो रही रिमझिम बारिश भी श्रद्धालुओं को महामाई मैयॉ के दरबार मे पहुँचने से नही रोक सकी है। बिगड़े मौसम के कारण इन दिनों यहाँ आयोजित हो रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव की व्यवस्थाएं चरमराई अवश्य है लेकिन पूर्व से आयोजित तय कार्यक्रम भी सुचारू रूप से हो रहे है।

शनिवार रात को महामाई मैया के आँगन में देवी जागरण का कार्यक्रम मौसम के प्रभावित होने के बाद भी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। देश की प्रख्यात भजन गायिका लता परदेशी ने अपने सुमधुर भजनों के माध्यम से परंपरागत रूप से होने वाला जगराता किया। हालाँकि इस दौरान प्रांगण में बने विशाल पांडाल में श्रद्धालुओं की सँख्या बहुत थोड़ी ही थी लेकिन इसके बाद भी पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से माता महामाई के चरणों मे अपनी हाज़िरी लगाई। इस दौरान महामाई सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं विधायक उमाकांत शर्मा भी पूरे समय देवी जागरण के कार्यक्रम में मौजूद रहे।

रात्रि दस बजे मंच पर पहुँची भजन गायिका लता परदेशी एवं समिति के सदस्यों ने मंच पर स्थापित मातारानी



के दरबार मे ज्योत जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना ले साथ शुरू किया। इसके बाद भजनों का जो क्रम शुरू हुआ तो वह रात्रि तीन बजे तक लगातार चलता रहा ओर अल सबेरे मातारानी की आरती के साथ समापन हुआ। इस दौरान लता परदेशी के भगवान राम,हनुमान,ओर राधाकृष्ण के भजनों का श्रद्धालु ने जमकर आनंद लिया। इसके पूर्व विधायक उमाकान्त शर्मा ने समिति की ओर से लता परदेशी एवं वाद्ययंत्रों पर संगत दे रहे उनके कलाकार सदस्यों का शाल श्रीफल भेंट करते हुए माता की चुनरी ओढ़ाकर एवं महामाई मैया की तस्वीर भेंट कर सम्मान भी किया।

शुक्रवार से क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश को दौर लगातार जारी है इससे महामाई मंदिर में आयोजित हो रहे पूरा मेला परिसर भी प्रभावित हुआ है। शनिवार को यहाँ नित्य होने वाली रामलीला को रात्रि में जागरण के कारण शाम पाँच से प्रारंभ की गई थी लीला के समाप्त होते होते एक बार फिर से बारिश शुरू होने से रात्रि में मंदिर पहुँचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ओर तैयारियां भी प्रभावित हुई लेकिन समिति के सदस्यों ने अथक मेहनत करते हुए व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया और बारिश होने के बाद भी तय समय पर देवी जागरण प्रारंभ कर मैया से अपनी अरदास लगाई। इस दौरान टीम में शामिल कलाकारों ने राधा कृष्ण,खाटू श्याम के भजनों पर सुंदर नृत्य नाटिकाओं की भी प्रस्तुति दी।



Life&Style



# दिल का रखें ख्याल अनदेखी करना रिस्की

*खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण लोग मोटापा और हाई कोलेस्ट्रॉल का शिकार हो रहे हैं. गर्मी के दिनों में अगर आप ज्यादा मसालेदार खाना खाएंगे तो यह आपको बीमार कर सकता है। जो लोग बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं उन्हें अक्सर कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है. बाहर का प्रोसेस्ड फूड, जो सेहत का बड़ा दुश्मन होता है. प्रोसेस्ड फूड खाने से मोटापा-हाई कोलेस्ट्रॉल और हार्ट की बीमारी बढ़ रही है. 'अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन' की लेट्सट स्टडी के मुताबिक Unfavorable social factors के कारण हार्ट से जुड़ी बीमारी का कारण बढ़ जाता है।*

### ट्राइग्लिसराइड क्या होता है

ट्राइग्लिसराइड्स हमारे शरीर के खून में मौजूद एक तरह का फैट (लिपिड) है. खाना खाने के दौरान, हमारा शरीर गैरज़रूरी कैलोरी को ट्राइग्लिसराइड्स में बदल देता है. इससे शरीर की कोशिकाओं में ज्यादा मात्रा में ट्राइग्लिसराइड्स जमा हो सकती है. ट्राइग्लिसराइड्स शरीर की धमनियों को सख्त करने या धमनी की दीवारों को मोटा करने की वजह से भी बनती है और इस वजह से स्ट्रोक, हार्ट अटैक या दिल से जुड़ी गंभीर बीमारियों का रिस्क काफी बढ़ जाता है।

### सेचुरेटेड फैट के नुकसान

सेचुरेटेड फैट वाली चीजें ट्राइग्लिसराइड के लेवल को तेजी बढ़ा सकती हैं. खाने की तली हुई चीज़ें, रेड मीट, अंडे की जर्दी, डेयरी प्रोडक्ट, मक्खन या फास्ट फूड वगैरह में सेचुरेटेड फैट बहुत ज्यादा मात्रा में पाया जाता है. इन चीजों का लंबे समय तक इस्तेमाल करने से दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. डायबिटीज के मरीजों को वैसे भी डॉक्टर मीठी चीज़ों से दूर रहने की सलाह देते हैं. लेकिन, डायबिटीज के शिकार लोगों में बहुत ज्यादा मुमकिन है ऐसे में मीठे से दूरी बना कर रखें।



### हार्ट अटैक से ऐसे बचें

दिल की बीमारी तेजी से फैल रही है. इसके पीछे का कारण प्रोसेस्ड और जंक फूड बताया जा रहा है. बाहर का खाना खाकर लोगों के बीच दिल की बीमारी तेजी से बढ़ रही है. 'मिनिस्ट्री ऑफ स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लीमेंटेशन' की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2023 में खाने-पीने के बजट का आधा यानि 50 प्रतिशत बाहर के खाने पर खर्च किया जाता है.

### कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच होगा पहला मैच

# आज एमआई जीती तो पहुंच सकती है पांचवें पायदान पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में राजस्थान रॉयल्स को 5वीं जीत मिली। टीम ने शनिवार को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराया। इस जीत से टीम पॉइंट्स टेबल में 10 अंकों के साथ टॉप पर बरकरार है। वहीं पंजाब 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर ही है। आज आईपीएल में 2 मैच खेले जाएंगे। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के बीच पहला मैच होगा। एलएसजी यहां जीतकर दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। दूसरा मैच चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच होगा। यहां सीएसके भी जीतकर नंबर-2 पर पहुंच सकती है। शनिवार को आरआर के युजवेंद्र चहल के पास पर्पल कैप पहुंच गई, उनके 11 विकेट हो गए। ऑरेंज कैप आज भी आरसीबी के विराट कोहली के ही पास है।

**राजस्थान ने टॉप पर मजबूत की स्थिति:** शनिवार को राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 147 रन बनाए। राजस्थान ने 19.5 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। राजस्थान की यह 6 मैचों में 5वीं जीत रही, टीम को एकमात्र हार गुजरात के खिलाफ मिली। आरआर 10 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर मौजूद है। उनके नीचे 5 टीमों के 6-6 पॉइंट्स हैं। पंजाब की 6 मैचों में चौथी हार रही, टीम को 2 जीत दिल्ली और गुजरात के खिलाफ मिली। पीबीकेएस 4 पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर ही मौजूद है। एमआई के भी इतने ही अंक है लेकिन खराब रन रेट के कारण पंजाब नीचे है। आज सीएसके के शिवम दुबे और एलएसजी के निकोलस पूरन के पास टॉप-5 में आने का मौका है।



**हारे तो नीचे 8वें पर पहुंचेगी टीम:** मुंबई इंडियंस 5 मैचों में 2 जीत और 3 हार से 4 पॉइंट्स लेकर 7वें नंबर पर है। सीएसके को हराने पर टीम 6 पॉइंट्स हासिल कर छठे नंबर पर आ जाएगी। अगर एमआई की जीत 60 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम एसआरएच को पीछे कर 5वें नंबर पर भी पहुंच सकती है। हारने पर टीम पंजाब से नीचे 8वें नंबर पर भी आ सकती है।

### कोलकाता जीतकर भी नंबर-2 पर ही रहेगी

आईपीएल में आज पहला मैच केकेआर और एलएसजी के बीच कोलकाता में दोपहर 3.30 बजे से होगा। कोलकाता के 4 मैच में 3 जीत से 6 पॉइंट्स हैं। टीम दूसरे नंबर पर है और उन्हें एकमात्र हार चेन्नई के खिलाफ मिली। आज लखनऊ को हराकर टीम 8 पॉइंट्स हासिल कर लेगी, टीम दूसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत कर लेगी। हारने पर टीम नंबर-3 पर पहुंच जाएगी।

### एलएसजी के पास भी दूसरे नंबर पर पहुंचने का मौका

लखनऊ सुपरजायंट्स को 5 मैचों में 3 जीत और 2 हार मिली है। टीम 6 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर है, टीम का रन रेट एलएसजी और केकेआर से खराब है। इसलिए टीम इनसे नीचे है। आज केकेआर को हराकर टीम 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच जाएगी।

### सीएसके कर सकती है केकेआर को पीछे

आईपीएल में आज दूसरा मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुंबई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। सीएसके 5 मैचों में 3 जीत और 2 हार से 6 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। मुंबई को हराने पर टीम 8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच सकती है।

### हरभजन ने आरसीबी को दी सलाह

# 'तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को अब ब्रेक दे देना चाहिए'

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आरसीबी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा। टीम ने अबतक छह में से पांच मुकाबले हारे हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के लिए आईपीएल की शुरुआत अच्छी नहीं रही है और टीम ने अबतक छह में से पांच मुकाबले हारे हैं। आरसीबी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने आरसीबी को एक सलाह दी है। हरभजन ने कहा कि टीम को तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को ब्रेक देना चाहिए। सिराज का आईपीएल 2024 में प्रदर्शन प्रभावी नहीं रहा है और वह फॉर्म में वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सिराज की खराब फॉर्म मुंबई के खिलाफ भी जारी रही और उन्होंने तीन ओवर में 37 रन लुटाए और एक भी विकेट नहीं ले सके। सिराज



अबतक छह मैचों में चार विकेट ही ले पाए हैं और इस दौरान उनका औसत 57.25 का रहा है। हरभजन ने आरसीबी के मैनजमेंट को सलाह देते हुए कहा कि उन्हें सिराज को वापसी के लिए कुछ समय देना चाहिए। हरभजन ने कहा, अगर मैं मैनजमेंट का हिस्सा होता तो मैं उन्हें कुछ मैचों के लिए आराम देता। उन्हें समय देना चाहिए जिससे वह यह सोच सकें कि उनके साथ क्या हो रहा है। वह वैसे ही सिराज बनकर लौटेंगे जैसा कि हम सभी जानते हैं और नई गेंद से विकेट लेंगे।

### मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस

# यूनान के सितसिपास के सामने होंगे नार्वे के कैस्पर रूड



**मोनाको, एजेंसी**

स्टेफानोस सितसिपास ने शनिवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए मोंटे कार्लो मास्टर्स के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में यूनान के सितसिपास ने विश्व नंबर दो और ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जेनिक सिनर को 2 घंटे 40 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-4 से हराया। इसके साथ ही उन्होंने इटली के सिनर के नौ मैचों की जीत के सिलसिले को समाप्त दिया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 12वें नबर पर काबिज सितसिपास 2021 और 2022 में यह खिताब जीत चुके है। पुरुष एकल सेमीफाइनल विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। नार्वे के कैस्पर रूड ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्बियाई खिलाड़ी को 2 घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 1-6, 6-4 से मात दी। रूड ने दूसरी बार एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में प्रवेश किया।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### 'साइलेंस 2' में नजर आएंगी प्राची, बोली

# 'करियर की शुरुआत में मना किए कई मुश्किल रोल'



बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई ने 'साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट' में इंस्पेक्टर संजना का किरदार निभाया है। फिल्म में मनोज और प्राची का कोई लव एंगल नहीं है। उन्होंने फिल्म में मजबूत महिला का किरदार निभाया है। प्राची ने बताया कि बचपन से मैंने मां और दादी को देखा है, वो एक टीचर थीं, शायद उसी का एक रिफ्लेक्शन है, जो मैं ये किरदार चुन पा रही हूं। मुझे लगता है कि किरदार अगर थोड़ा अलग हो, तो मुझे अट्रैक्ट करता है, यही संजना के रोल के साथ हुआ।

### ऑडियंस बनाए रखने के लिए पंचलाइन जरूरी

फिल्म के पहले पार्ट में प्राची के कई जबर्दस्त सीन हैं। इस दौरान उनकी कुछ पंचलाइन भी हैं। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बीच में लाइट मोमेंट लाने होते हैं। इन डायलॉग को बोलने में काफी प्रॉब्लम होती है। इसपर अभिनेत्री ने कहा कि एक्सपीरियंस कहता है, हमने बड़े होते हुए जो फिल्में देखीं, उनकी कुछ-कुछ लाइनें हमेशा याद रहती हैं, जैसे 'अंदाज अपना-अपना' हो या बहुत सी ऐसी फिल्में हैं। 'दिल चाहता है' की कितनी सारी लाइनें हैं। वो मेरी एक फेवरेट फिल्म थी, तो ऑडियन्स को कनेक्ट करने के लिए ये बहुत जरूरी होती हैं। मेरे लिए जो इस फिल्म के किरदार हैं, वो मुझे आज भी याद हैं। उसका क्रेडिट उतना ही राइटर्स को जाता है। उन्हीं की वजह से ऑडियन्स के साथ कनेक्शन बन जाता है और वो कभी-कभी बस एक लाइन से होता है।

**करियर की शुरुआत में मना किए चुनौतीपूर्ण किरदार:** शो 'कसम से' की बानी के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं प्राची देसाई ने अपने करियर में कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं। करियर के बहुत शुरुआत में शायद कुछ रोल थे, जो मैं आईडेंटिफाई नहीं कर पाई थी कि कितना अच्छा होता, अगर ये रोल किया होता। मगर वो मैच्योरिटी व एक्सपीरियंस की भी बात है, तो तब ऐसा हुआ था। उसके बाद जैसे समझ आई तो कोशिश बस यही था कि खुद को इंटरेस्टिड कैसे रहें और ऑडियन्स को भी इंटरेस्टिड कैसे रखें।

# दीपिका ने पति से अनबन की खबरों के बीच शेयर की फोटो!



दीपिका पादुकोण अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर छाई हुई हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। दीपिका पादुकोण ने प्रेग्नेंसी की खबर भी इंस्टाग्राम के जरिए फैंस के साथ शेयर की थी। एक्ट्रेस की इस खबर के बाद फैंस उन्हें देखने के लिए मौका ढूढ़ते रहते हैं। दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम पर नई फोटो शेयर की है। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। एक्ट्रेस की इस फोटो की काफी चर्चा हो रही है। ये फोटो उनके बेबी बंप या पति रणवीर सिंह के साथ की नहीं है। फोटो में एक्ट्रेस का बैक साइड दिख। शेयर की गई फोटो में उनकी बैक स्किन बर्न दिख रही है। दीपिका पादुकोण की फोटो में साफ दिख रहा है कि धूप के कारण उनकी स्किन पूरी तरह से बर्न हो चुकी है। एक्ट्रेस ने फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में सूरज और लहरों वाला इमोजी लगाया है। दीपिका पादुकोण ने इस फोटो में ग्रे कलर का स्लीवलेस टॉप पहना है और बालों में बन बनाया है। दीपिका ने व्हाइट कलर का बैग टांगा हुआ है। एक्ट्रेस की इस फोटो पर उनके फैंस तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं। एक फैंस ने लिखा कि मम्मा एन्जॉइंग बेबी मून, दूसरे ने लिखा कि आरके का टैटू, तीसरे ने लिखा है कि मॉम टू बी। दीपिका पादुकोण का अकेले 'बीच' साइड में खड़े होने का ये अंदाज उनके कुछ फैंस को दुखी कर रहा है। वहीं कुछ फैंस उनके गले के पीछे दीपिका पादुकोण के रणबीर कपूर के अधूरे टैटू पर कमेंट्स कर रहे हैं।

# सदाना बोले- दिव्या की मौत सिर्फ एक एक्सीडेंट थी



दिव्या भारती बॉलीवुड की मोस्ट वर्सेटाइल एक्ट्रेसेस में से एक थीं उन्होंने कम उम्र में ही अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी और इंड्रस्ट्री में तीन साल में ही टॉप एक्ट्रेस बन गई थीं. हालांकि, 19 साल की उम्र में उनके मुंबई अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल की बालकनी से गिरने के बाद उनका निधन हो गया था. दिव्या की अचानक मौत ने उनके लाखों फैंस का दिल दहला दिया था. इसके बाद कहा जाने लगा था दिव्या का मर्डर हुआ है और उन्हें किसी ने बालकनी से धक्का दिया था. वहीं अब, सालों बाद दिव्या के 'रंग' को-एक्टर, कमल सदाना ने एक्ट्रेस की मौत की वजह का खुलासा किया है. एक इंटरव्यू में, कमल सदाना ने कहा कि दिव्या भारती की जब मौत हुई उस दौरान उनके पास कई फिल्में थीं और वह एक बड़ी स्टार बन सकती थीं. इसके बाद एक्टर ने आगे कहा कि दिव्या की मौत एक्सीडेंट ही थी. उन्होंने खुलासा किया, मेरा मानना था कि उस समय उसने कुछ ड्रिंक पी रखी थी और वह बस फार्टिंग कर रही थी. मुझे लगता है कि वह उस एनर्जी में थी और फिसल गई. मैं सचमुच मानता हूं कि यह सिर्फ एक दुर्घटना थी. मेरा मतलब है कि आप जानते हैं कि कुछ दिन पहले तक मैं बस उसके साथ शूटिंग कर रहा था और वह ठीक थी. उसके साथ कोई समस्या नहीं थी. उनके पास बेहतरीन फिल्में थीं जिन्हें उन्होंने पूरा कर लिया था. उनके पास फिल्मों की पूरी सीरीज थी जिसके लिए उन्हें साइन किया गया था।

### अभिनेता कुणाल खेमू का खुलासा

# कैसे करते हैं यात्रा के खर्चे का हिसाब-किताब



फिल्मी सितारे अपनी फिल्मों और लुक के अलावा घूमने-फिरने को लेकर भी चर्चा में बने रहते हैं। समय-समय पर इन हस्तियों की घूमने की तस्वीरें देखने को मिलती रहती है, जिसमें वे अपने दोस्तों या परिवार के संग मौज-मस्ती करते हुए दिखाई देते हैं। बी टाउन की बात करें तो कुणाल खेमू, शाहिद कपूर और ईशान खट्टर की दोस्ती काफी गहरी है। तीनों एक साथ घूमने के लिए जाते रहते हैं। हाल ही में, अभिनेता कुणाल खेमू ने इस बात का खुलासा किया है कि वे यात्रा के दौरान हुए खर्चे का हिसाब-किताब कैसे करते हैं।

### आपस में बांटते हैं बिल

कुणाल खेमू ने एक साक्षात्कार में अपनी यात्रा के खर्च पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि जब वे दोस्तों के साथ घूमने के लिए जाते हैं तो वे बिल को आपस में बांट लेते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा कई दिनों की होती है। दोस्तों के बीच खर्चे के हिसाब-किताब के लिए बिल का बंटवारा किया जाता है।

### सबके दिमाग में चलता रहता है खर्चे का हिसाब

हम जानते हैं कि आम आदमी अपने खर्च को लेकर चिंतित रहता है। वह हिसाब-किताब में लगा रहता है। कुणाल खेमू ने भी अपने साक्षात्कार में ऐसी ही एक बात बताई। उन्होंने कहा कि कोई बोले ना बोले, लेकिन यह सबके दिमाग में चलता रहता है। खर्च का हिसाब लगने लगता है। कुणाल खेमू, शाहिद कपूर और ईशान खट्टर काफी दिन पहले एक अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर गए थे। तीनों की तस्वीरों ने इंटरनेट यूजर्स का ध्यान खींचा था। तस्वीरें खूब वायरल हुई थी। सभी पूरी तरह से मस्ती के मूड़ में नजर आ रहे थे। सभी के चेहरे खिले हुए थे। कुणाल ने एक अन्य साक्षात्कार में बताया था कि यात्रा में काफी रुपये खर्च होते हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि आपको अपनी किडनी ही बेचनी पड़ जाए। बता दें कि कुणाल खेमू ने फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। यह फिल्म 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

### मेट्रो एंकर | ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर व मलेशिया ने मेजबानी से किया इंकार

# कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: फेडरेशन मई में लेगा आयोजन पर अंतिम फैसला

**ग्लासगो. एजेंसी**

यदि 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए कोई मेजबान देश नहीं मिला तो ग्लासगो इन खेलों का आयोजन कर सकता है। रिपोर्ट के तहत, ग्लास्गो ने एक साल बाद होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने की इच्छा जताई है। पहले, इन खेलों का आयोजन ऑस्ट्रेलियाई शहर विक्टोरिया में होना था, लेकिन बढ़ती लागत के कारण विक्टोरिया ने खेलों की मेजबानी से हाथ खींच लिए। इसके बाद सिंगापुर व मलेशिया ने संयुक्त मेजबानी के लिए दावा पेश किया था, लेकिन पिछले सप्ताह दोनों देशों ने भी अपना नाम वापस ले लिया। कॉमनवेल्थ गेम्स स्कॉटलैंड (सीजीएस) ने कहा, हमने जो प्रस्ताव दिया है,



उसमें सार्वजनिक फंड के इस्तेमाल की मांग शामिल नहीं है। इसके अलावा, हमने खेलों की संख्या घटाने का प्रस्ताव भी दिया है। बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में 20 खेल शामिल थे, जबकि हमने 10 से 13 खेलों का प्रस्ताव दिया है। ग्लास्गो के पास कॉमनवेल्थ गेम्स जैसा बड़ा आयोजन कराने का अनुभव भी है। इससे पहले, ग्लास्गो 2014 कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन कर चुका है। उस दौरान कुल 18 खेलों का आयोजन हुआ था और करीब 4,500 एथलीटों ने भाग लिया था। बढ़ते बजट के कारण मेजबानी से कतरा रहे देश पिछले कुछ सालों में खेलों के बढ़ते बजट के कारण कई देशों ने कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से हाथ वापस खींच लिए हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, सिंगापुर और घाना जैसे देश शामिल हैं। इन खेलों की मेजबानी सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया शहर को मिली थी। लेकिन लगातार बढ़ते बजट के कारण उसने मेजबानी करने से इंकार कर दिया।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति ने कहा- फांसी लगाई, मायके पक्ष ने लगाए हत्या के आरोप

**बैरसिया तहसील के शेरपुरा की घटना, एसडीओपी बैरसिया करेंगे मामले की जांच**



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल। बैरसिया तहसील के शेरपुरा कस्बे में 22 साल की नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। पति का कहना है कि पत्नी ने फांसी लगाई है, जबकि मृतिका के मायके पक्ष ने पति पर हत्या के आरोप लगाए हैं। परिजन का कहना है कि बेटी के शरीर पर शरीर पर चोट के निशान हैं। उनका आरोप है कि सास, देवर व ननद दहेज की मांग कर लगातार प्रता?ित कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि अभी पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मामला नव विवाहिता की मौत का होने के कारण जांच एसडीओपी बैरसिया को सौंपी गई है।

पुलिस के अनुसार शाहजहांनाबाद निवासी अर्शिया उर्फ अदीबा (22) की शादी फरवरी 2023 में शेरपुरा बैरसिया में रहने वाले असद खान से हुई थी। असद खान प्राइवेट काम करता है। उनकी कोई संतान नहीं है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुलस्ते ने बताया कि शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब एक बजे अस्पताल से सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अर्शिया के ससुरावालों का कहना है कि उनकी बहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। नजर पड़ने पर वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर आए थे। दूसरी ओर मृतका के माता-पिता व अन्य परिजनों का कहना है कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी का लागातार प्रताड़ित किया जा रहा था। अर्शिया के शरीर पर चोट के निशान हैं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी के साथ मारपीट करने के बाद गला घोंटकर मौत के घाट उतारा गया है।

**कॉल गर्ल्स हायर करने के बाद रुपए के लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद**

# हरियाणा की युवती से होटल में दुष्कर्म, गला दबाकर हत्या

### सदिग्ध हत्यारा पुलिस की गिरफ्त में

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित के स्क्वेयर होटल में हरियाणा की युवती से दुष्कर्म और उसकी हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शनिवार देर रात होटल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने से यह भी कयास लगाए जा रहे है कि हत्या से पहले उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। पुलिस ने युवती के परिजन को घटना की जानकारी दे दी है। परिजन मर्चूरी पहुंच गए थे। परिजन की मौजूदगी में युवती के शव का पीएम कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार 27 साल की युवती हरियाणा की रहने वाली हैं। उसकी लाश शाहपुरा स्थित होटल के स्क्वेयर से पुलिस ने बीती रात करीब 11 बजे के आसपास बरामद की थी। लाश बरामद करने से पूर्व पुलिस ने वीडियो ग्राफी और एफएसएल की टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। दरअसल, अर्धनग्न अवस्था में लाश थी। जिससे प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या करने से पूर्व दुष्कर्म हुआ है। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि उसे एक होटल में लेकर पहुंचा था। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की माने तो पूरा मामला देह व्यापार से जुड़ा है। यह भी बताया जा रहा है कि महिला देह व्यापार में लिप्त थी। आरोपी उसे यहां होटल में लेकर आया था और उससे शारीरिक संबंध बनाए। बाद में रुपए देने की बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने युवती की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी मौके से भाग निकला।




### पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

राजधानी की होटलों में किस तरह अनैतिक गतिविधियां चल रही है। इस हत्याकांड से अनुमान लगाया जा सकता है। शाहपुरा के अधिकतर होटल शराबियों और जिस्मफरोशी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे हैं। होटल में युवती से दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह कुछ भी कहने से बच रहे हैं। वे केवल जांच का हवाला देकर जल्द ही मामले का खुलासा करने की दलील दे रहे हैं। उनका का कहना है कि अभी केवल मर्ग कायम किया गया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन से कुचलकर स्कूटर सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो



भोपाल। खजूरी सड़क इलाके में शनिवार सुबह अज्ञात वाहन से कुचलकर स्कूटर सवार सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक नरेश अहिरवार (38) परवलिया का रहने वाला था। वह रक्षा विहार कालोनी स्थित एक मकान में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। शनिवार सुबह करीब 9 बजे नरेश अपनी स्कूटर पर सवार होकर भौंरी में रहने वाले बहनोई के पास जाने के लिए निकला था। ग्राम बरखेड़ा बोंदर के पास रेलवे लाइन डालने का काम चल रहा है, इसलिए यहां पर ट्रैफिक सिंगल रोड पर चलता है। इसी रोड पर जाते समय नरेश को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वाहन की चपेट में आने से नरेश के सिर में गंभीर चोट आई थी। टक्कर मारने वाले वाहन का फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है।

# बुजुर्ग महिला को दोपहिया वाहन चालक ने मारी टक्कर

**भोपाल।** कोहेफिजा में सड़क क्रास कर रही एक बुजुर्ग महिला को अज्ञात दोपहिया वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक जैनाबाई बाल्मीकि (60) वीआईपी गेस्ट हाउस के ऊपर, कचरा प्लांट के पास झुग्गी बाजपेयी नगर में रहती हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े सात बजे वह वीआईपी गेस्ट हाउस के सामने बनी मस्जिद से भीख मांगकर अपने घर पैदल लौट रही थी। भूत बंगले के पास सड़क क्र ास करते समय लालघाटी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात दोपहिया वाहन ने उनको टक्कर मार दी, जिससे महिला के शरीर में गंभीर चोट आई। राहगीरों ने उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया। पुलिस वाहन चालक की तलाश कर रही है।




# ऑटो चालक पर प्राणघातक हमला करने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो



ऐशबाग इलाके में एक आटो चालक और उसकी पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक डीआईजी बंगला के पास गौतम नगर में रहने वाला साहिल खान (19) ऑटो चलाता है। गुरुवार को वह ईद पर पत्नी के साथ हाउसिंग बोर्ड कालोनी ऐशबाग स्थित ससुराल पहुंचा था। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे दोनों घर लौट रहे थे। पातरा पुल के पास अनवर उर्फ गोलू और इरफान बच्चा मिल गए। दोनों ने साहिल का आटो रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान अनवर ने हुमैरा के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी, जिसका साहिल ने विरोध किया। इस पर इरफान ने छुरी निकालकर साहिल की गर्दन पर वार किया, लेकिन उसने बचाव किया तो छुरी बाएं हाथ की कलाई पर लगी और खून बहने लगा। दंपति की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अनवर उर्फ गोलू निवासी भीमनगर और इरफान निवासी स्टेशन बजरिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से वारदात में उपयोग की गई छुरी बरामद की गई है।

# आज अम्बेडकर जयंती पर बोर्ड ऑफिस चौराहे के आसपास बदला ट्रैफिक

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अम्बेडकर जयंती पर आज बोर्ड आफिस चौराहा स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आमजनता की सुविधा को देखते हुए इस इलाके का ट्रैफिक परिवर्तित किया है। नर्मदापुरम से आईएसबीटी और पिपलानी की तरफ जाने वाले वाहन आरआरएल तिराहा, बीएसएनएल तिराहा, शक्तिनगर चौराहा, डीआरएम ऑफिस, कस्तूरबा हॉस्पीटल होकर आईएसबीटी व पिपलानी जाएंगे। इसी प्रकार मानसरोवर काम्पलेक्स से कोर्ट की तरफ जाने वाले वाहन 6 नंबर स्टाप, व्यापमं चौराहा, शौर्य स्मारक होते हुए कोर्ट की तरफ जा रहे हैं। कोर्ट चौराहा से मानसरोवर की ओर जाने वाले वाहन शौर्य स्मारक, व्यापमं चौराहा से 6 नंबर स्टाप होकर जाएंगे। इधर, न्यू मार्केट से ज्योति टॉकीज और आईएसबीटी जाने वाले वाहन व्यापम चौराहा, शौर्य स्मारक, वल्लभ भवन रोटरी, डीबी माल रोटरी, होटल रेसीडेंसी से ज्योति टाकीज होकर आईएसबीटी की तरफ जाएंगे। इसी प्रकार आईएसबीटी से न्यू मार्केट की ओर जाने वाले वाहन भी इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने अनुरोध किया कि वह परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन नंबर-0755-2677340, अथवा 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कमला नगर में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो



कमला नगर में रहने वाली एक नवविवाहिता ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण जांच एसीपी द्वारा की जाएगी। पुलिस के मुताबिक अंशु जाधव (24) कोटरा सुल्तानाबाद की रहने वाली थी। करीब चार साल पहले अम्बेडकर नगर में रहने वाले सागर जाधव से उसकी शादी हुई थी। सागर प्राइवेट ड्राइविंग का काम करता है। दोनों का ढाई साल का एक बेटा है। सागर ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह अपने बेटे को घुमाने के लिए घर के बाहर गया था। कुछ देर बाद वापस लौटा तो अंशु फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोलार में युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोलार रोड पर रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक संजू परते (40) वंदना नगर गेहूंखेड़ा कोलार रोड पर रहता था और प्रायवेट काम के साथ ही ड्रायवरी करता था। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। शुक्रवार की रात वह अपने में जाकर सो गया था। शनिवार सुबह दरवाजा नहीं खोला तो पत्नी ने अंदर झांककर देखा। उसे फांसी पर लटका देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजनों को सौंप दी गई है।



# रेल यूनियन का शताब्दी समारोह व रैली

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल वेस्ट सेंट्रल रेल्व इंप्लाइज यूनियन ने अपना शताब्दी समारोह मनाया तथा रेल्वे स्टेशन से कोच फैक्टी तक रैली निकालकर न्यू पेंशन स्कीम का जोरदार विरोध किया। इसमें यूनियन अध्यक्ष शिवगोपाल मिश्रा,महामंत्री मुकेश गालव, टीके गौतम,सुरेंद्र दुबे, रजनी सेंगर आदि मौजूद थे।

# करंट लगने से हुई थी भैंस की मौत, जांच के बाद दर्ज हुआ केस

**भोपाल।** रातीबढ़ इलाके में करंट लगने से हुई एक भैंस की मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना चार महीने पुरानी बताई गई है। पुलिस के मुताबिक धर्मेंद्र मारण (24) ग्राम नाथू बरखेड़ा में रहते हैं। वह खेती किसानी के साथ ही डेयरी चलाते हैं। पिछले साल दिसंबर 2023 में मिलेनियम कालेज के पास उनकी भैंस की करंट लगने से मौत हो गई थी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लाईट बंद कर भैंस के हटाया। इस दौरान पुलिस भी पहुंच गई थी। धर्मेंद्र ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। जांच के दौरान पुलिस ने बिजली विभाग के जानकारी और पीएम रिपोर्ट प्राप्त की। साक्षियों के कथन लेने के बाद राजू पाल नामक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच के दौरान पता चला कि राजू द्वारा गाड़े गए खंभे में बिजली का करंट था, जिसकी चपेट में आने से भैंस की मौत हुई थी।

**मेट्रो एंकर** | **पिछले कई महीनों से रखा हुआ था बंडल**

# निजी कंपनी के कार्यालय के बाहर रखा ऑप्टिकल फाइबर का बंडल हुआ चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोहेफिजा स्थित एक निजी कंपनी के कार्यालय के बाहर रखा ऑप्टिकल फाइबर का बंडल चोरी चला गया। चोरी गए बंडल की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक ऋषभ कोल्हे (27) बारह दफ्तर के पास टीटी नगर में रहते हैं और कोहेफिजा स्थित एक निजी कंपनी में काम करते हैं। ऋषभ ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी का आप्टीकल फाइबर का एक बंडल राजीव नगर स्थित कार्यालय के बाहर पिछले कई महीनों से रखा हुआ था। पिछले दिनों उक्त बंडल कोई चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर मिसरोद थानांतर्गत जाटखेड़ी स्थित गोल्डन सिटी में रहने वाले मनोज जायसवाल के मकान की कुंडी खोलकर भीतर घुसे बदमाश जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए जेवरातों की सूची और कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है।


फाइल फोटो

### चोरी के मामले में 9 साल से फरार स्थाई वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे



टीटी नगर पुलिस ने चोरी के मामले में पिछले 9 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी महेश तंवर उर्फ नानू (28) अमराई परिसर बागसेवनिया में रहता था। उसके खिलाफ टीटी नगर और चूनाभट्टी समेत शहर के विभिन्न थानों में चोरी के करीब एक दर्जन अपराध दर्ज हैं। आरोपी पिछले 9 साल से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ विभिन्न न्यायालयों द्वारा कुल पांच स्थाई वारंट जारी किए गए थे। टीटी नगर पुलिस की टीम ने आरोपी को तलाश कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022